राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 | युगपुरुष नीतीश के अद्भुत कार्यकाल में सुशासन ...

रजिस्टर्ड मोबाइल से ही कराएं गैस... | 10

वर्ष : 13 | अंक : 362 | पटना, बुधवार, 15 अप्रैल, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

भारत सरकार

अब नेतृत्व की बारी है, नारी शक्ति वंदन की ज़िम्मेदारी है

#NariShaktiVandan

देश की बेटियों को लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33% आरक्षण की गारंटी



15.8+ करोड़ घरों तक पहुंच रहा नल से स्वच्छ जल

12.1+ करोड़ शौचालयों से गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित

CBC 22201/13/0011/2627

**मौसम**

अधिकतम तापमान 20.0°C
न्यूनतम तापमान 18.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 55% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,54,100 |
| चांदी | 2,98,300 |
| सेंसेक्स | 76,847 |
| निफ्टी | 23,842 |

## संक्षिप्त खबरें

### अमेरिकी नाकेबंदी: होर्मुज जलडमरूमध्य से टैंकर के निकलने की खबर

काहिरा। अमेरिका द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी के बीच एक तेल टैंकर मंगलवार तड़के इस जलमार्ग से गुजरा। इस पोत को सोमवार को वापस कर दिया गया था। जहाजरानी यातायात पर नजर रखने वाली कंपनी लॉयड्स लिस्ट के अनुसार, रिच स्टारी नामक एक रसायन और तेल टैंकर संयुक्त अरब अमीरात के तट पर इंतजार कर रहा था। उसने इस जानकारी के लिए ऊर्जा कार्गो-ट्रैकिंग फर्म वोर्टेक्सा के आंकड़ों का हवाला दिया। अमेरिकी सेना ने सोमवार को कहा कि नाकेबंदी केवल ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले जहाजों पर लागू होती है, और यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि रिच स्टारी जहाज पहले ईरान में रुका था या ईरानी तेल ले जा रहा था। अमेरिकी सेना के मध्य कमान ने जहाज के बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### ईरान ने अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी को बताया संप्रभुता का घोर उल्लंघन

न्यूयॉर्क। ईरान ने अमेरिका द्वारा उसके बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकेबंदी की कड़ी निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का घोर उल्लंघन बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में इस कदम को अवैध आक्रामक कार्रवाई करार दिया, जो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा है।

# बिहार में अब सम्राट युग | नीतीश कुमार का इस्तीफा

## सम्राट चौधरी आज लोक भवन में लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ



■ शपथ ग्रहण समारोह लोकभवन में होगा, एनडीए के दिग्गज नेता रहेंगे मौजूद

प्रात : किरण

पटना। बिहार की राजनीति में 14 अप्रैल 2026 एक ऐतिहासिक दिन के रूप में दर्ज हो गया है। करीब दो दशकों तक सत्ता में रहे नीतीश कुमार के इस्तीफे के साथ नीतीश युग का अंत हो गया है और अब सम्राट चौधरी बिहार के नए मुख्यमंत्री के रूप में उभरकर सामने आए हैं। उन्हें मंगलवार शाम चार बजे भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुना गया। उनका शपथग्रहण समारोह आज यानी बुधवार को लोकभवन में होगा। यह बदलाव बिहार की राजनीति में एक नए दौर की शुरूआत माना जा रहा है। कभी लालू प्रसाद यादव की राजनीति से जुड़े रहे सम्राट चौधरी आज भाजपा के सबसे भरोसेमंद चेहरों में शामिल हो चुके हैं और सत्ता के शीर्ष तक पहुंच गए हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने तय समय के अनुसार राज्यपाल सैयद अता हसनैन को लोकभवन पहुंचकर अपना इस्तीफा सौंपा। इस्तीफा सौंपते समय उनके साथ सम्राट चौधरी और विजय चौधरी भी मौजूद थे। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार करते हुए कैबिनेट भंग करने की सिफारिश को भी मंजूरी दे दी। कैबिनेट बैठक के बाद नीतीश कुमार निर्धारित समय पर लोकभवन पहुंचे और औपचारिक रूप से इस्तीफा दिया, जिसके बाद नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। इधर, भाजपा विधायकों की बैठक के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया।

### सर्वसम्मति से चुने गए एनडीए विधायक दल के नेता

पटना। एनडीए विधानमंडल दल की मंगलवार को हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को नेता चुना गया। बिहार विधानसभा के सेंट्रल हॉल में हुई बैठक में एनडीए घटक दलों के सभी विधायक मौजूद हुए। इसके अलावा, इस बैठक में एनडीए के कई वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए। बैठक में सर्वसम्मति से सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुन लिया गया। इसके बाद वरिष्ठ नेताओं ने सम्राट चौधरी को नेता चुनने पर बधाई दी। इससे पहले भाजपा के विधायक दल की बैठक हुई थी। भाजपा की बैठक में जहां सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना गया। इसके बाद नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को माला पहनाया। सम्राट चौधरी ने भी नीतीश कुमार का पैर छूकर आशीर्वाद लिया। एनडीए की बैठक में सीएम नीतीश कुमार ने सभी उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल से मिलकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया हूं। अब नई सरकार का गठन होगा। उन्होंने लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि नई सरकार को मेरा मार्गदर्शन रहेगा। उन्होंने बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार से मिल रहे सहयोग के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमन किया। उन्होंने भरोसा जताते हुए कहा कि बिहार और तेजी से विकसित होगा। इससे पहले नीतीश कुमार लोक भवन जाकर राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

## बिहार के लिए बहुत काम किया: नीतीश

■ बोलें-नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा

प्रात : किरण

पटना। नीतीश कुमार ने मंगलवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। इस्तीफा सौंपने की प्रक्रिया के दौरान प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी की गईं। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मुलाकात कर अपने पद से त्यागपत्र सौंपा और इसके बाद वह लोक भवन से बाहर निकले। इस्तीफा देने के बाद उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और जनता के लिए एक भावुक पोस्ट भी किया। नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा, आप जानते हैं कि 24 नवंबर, 2005 को राज्य में पहली बार एनडीए सरकार बनी थी। तब से राज्य में कानून का राज है और हम लगातार विकास के काम में लगे हुए हैं। सरकार ने शुरू से ही सभी तबकों का विकास किया है, चाहे हिंदू हो, मुस्लिम हो, अपर कास्ट हो, पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो या महादलित हो- सभी के लिए काम किया गया है। हर क्षेत्र में काम हुआ है, चाहे शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, सड़क हो, बिजली हो या कृषि हो। महिलाओं एवं युवाओं के लिए भी बहुत काम किया गया है। उन्होंने बताया, इन दिनों काम को और आगे बढ़ाया गया है। अगले पांच वर्षों, यानी 2025 से 2030 के लिए सात निश्चय-3 का गठन किया गया है। इससे और ज्यादा काम होगा जिससे बिहार काफी आगे बढ़ेगा। बिहार के विकास में केंद्र का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नमन करते हैं। बिहार और तेजी से विकसित होगा और देश के टॉप राज्यों में शामिल हो जाएगा तथा देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा, हमने बिहार के लोगों के लिए बहुत काम किया है। इतने दिनों से हमने लगातार लोगों की सेवा की है। हमने तय किया था कि अब मुख्यमंत्री का पद छोड़ देंगे और इसलिए मंत्रिमंडल की बैठक के बाद राज्यपाल से मिलकर उन्हें इस्तीफा सौंप दिया। अब नई सरकार यहां का काम देखेगी। नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा। आगे भी बहुत अच्छा काम होगा तथा बिहार बहुत आगे बढ़ेगा। सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं और शुभकामनाएं देता हूं।



### नीतीश ने की बिहार में नए दौर की शुरूआत

नीतीश कुमार ने राजनीतिक यात्रा की शुरूआत 1985 में जनता दल से हुई थी, जब उन्होंने पहली बार विधानसभा चुनाव जीता। 1994 में, नीतीश ने लालू प्रसाद के खिलाफ एक महत्वपूर्ण विद्रोह में भाग लिया, जिसमें 14 सांसदों ने जॉर्ज फर्नांडीस के नेतृत्व में दल-बदल कर जनता दल (जॉर्ज) बनाई, जो बाद में समता पार्टी में तब्दील हो गई। यह नीतीश कुमार के लिए एक महत्वपूर्ण राजनीतिक मोड़ था, क्योंकि उन्होंने लालू से अलग होकर अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया। नीतीश कुमार का मुख्यमंत्री बनने का पहला दौर 2000 में हुआ था, लेकिन गठबंधन में संख्याबल की कमी के कारण उनकी सरकार सात दिन के भीतर गिर गई। 2005 में उनकी शानदार वापसी हुई, जब उन्होंने लालू प्रसाद यादव के 15 साल के शासन को समाप्त किया और बिहार में नए दौर की शुरूआत की। नीतीश कुमार ने लगभग दो दशक तक बिना किसी गंभीर राजनीतिक चुनौती के शासन किया।

## लोक भवन पहुंचें और राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का पेश किया दावा

बिहार एनडीए विधानमंडल दल का नेता चुने जाने के बाद सम्राट चौधरी एनडीए के घटक दलों के अन्य नेताओं के साथ लोक भवन पहुंचे और राज्यपाल सैयद अता हसनैन के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया। उनके साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, जदयू के नेता ललन सिंह, विजय कुमार चौधरी, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेंद्र कुशवाहा, हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी भी रहे। बताया गया कि कल यानी बुधवार को लोक भवन में शपथ ग्रहण समारोह में सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बिहार में पहली बार भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनेगी। लोक भवन से निकलने के बाद सम्राट चौधरी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आवास पहुंचे। यहां नितिन नवीन ने सम्राट चौधरी को लड्डू खिलाकर स्वागत किया। यहां दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई।

## उपमुख्यमंत्री रहते सम्राट ने अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई की नीति अपनाई

प्रात : किरण

पटना। सम्राट चौधरी का जन्म 16 नवंबर 1968 को मुंगेर जिले के लखनपुर गांव में हुआ था। राजनीति उन्हें विरासत में मिली। उनके पिता शकुनी चौधरी समता पार्टी के संस्थापकों में रहे और सात बार विधायक व सांसद रह चुके हैं। उनकी माता पार्वती देवी भी विधायक रह चुकी हैं। सम्राट चौधरी ने 1990 के दशक में सक्रिय राजनीति की शुरूआत लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में की। वर्ष 1999 में वे राबड़ी देवी की सरकार में कृषि मंत्री बने। उस समय उनकी कम उम्र को लेकर विवाद भी हुआ था। हालांकि, उनके राजनीतिक जीवन का निर्णायक मोड़ तब आया जब उन्होंने समाजवादी धारा छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2018 में भाजपा में शामिल होने के बाद उन्होंने तेजी से संगठन और सत्ता दोनों में अपनी पकड़ मजबूत की। 2019 में वे भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने, 2020 में विधान परिषद सदस्य चुने गए और 2022 में विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिली। वर्ष 2023 में उन्हें बिहार भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया, जो उनके राजनीतिक करियर का अहम पड़ाव साबित हुआ। इसके बाद 2024 में वे उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री बने तथा बाद में गृह विभाग की जिम्मेदारी भी संभाली। नवंबर 2025 में दोबारा उपमुख्यमंत्री बनने के बाद उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख अपनाया और कई बड़े फैसले लिए।

### नई शुरूआत की ओर बिहार

नीतीश युग के बाद अब बिहार एक नई राजनीतिक दिशा की ओर बढ़ रहा है। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बनने वाली नई सरकार से कानून-व्यवस्था, विकास और सामाजिक समीकरणों में बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है। अब सबकी नजरें 15 अप्रैल को होने वाले शपथग्रहण समारोह और नई सरकार के गठन पर टिकी हुई हैं।

## विकसित बिहार 2047 के संकल्प को मिलेगी नई ऊर्जा: नितिन

■ नवीन ने सम्राट चौधरी की नई भूमिका का किया स्वागत

प्रात : किरण

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राज्य की नई राजनीतिक परिस्थितियों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सम्राट चौधरी की नई भूमिका का स्वागत किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि नीतीश कुमार द्वारा पिछले दो दशकों में शुरू किए गए विकास के रोडमैप को अब सम्राट चौधरी और अधिक गति प्रदान करेंगे। नितिन नवीन ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री पद से नीतीश कुमार के इस्तीफे और एनडीए की नई व्यवस्था के तहत सम्राट चौधरी को भाजपा विधायक दल का नेता चुनना बिहार के लिए एक खास मोड़ है।



### तारापुर में जश्न का माहौल, बांटी गई मिठाइयां

सम्राट चौधरी को बड़ी जिम्मेदारी मिलने की खबर जैसे ही उनके पैतृक गांव और तारापुर विधानसभा क्षेत्र में पहुंची, वहां उत्सव का माहौल बन गया। स्थानीय समर्थकों और ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर खुशी मनाई और मिठाई बांटकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। जनता के बीच इस फैसले को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## गुमशुदा सूचना



मिथलेश देवी, उम्र लगभग 70 वर्ष, पति स्व. रामानंद चौधरी, ग्राम + पोस्ट–जोरपुरा, थाना–हलई, जिला–समस्तीपुर, दिनांक 1 अप्रैल 2026 को सुबह लगभग 11 बजे घर से पटोरी बाजार के लिए निकली थीं, लेकिन अभी तक वापस नहीं लौटी हैं।

यदि इनके बारे में किसी को कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्न मोबाइल नंबरों पर सूचित करने की कृपा करें:
99735 91776 7541997988 8002779409

**आग्रह** | प्रधानमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किए पत्र, सभी सांसदों से ऐतिहासिक संसद सत्र में भाग लेने का किया आग्रह

## महिला आरक्षण लागू होने से भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा: मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि यदि 2029 में लोकसभा और विभिन्न विधानसभाओं के चुनाव महिला आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं, तो भारतीय लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा। देश की महिलाओं को लिखे एक पत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह भी कहा कि कई क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए विधाई निकायों में उनकी हिस्सेदारी बढ़ना उचित है। उन्होंने कहा कि संसद की तीन दिवसीय बैठक 16 अप्रैल से शुरू हो रही है और इसमें नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों को पारित किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की और अधिक देरी भारत की महिलाओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण होगी एवं उनके साथ घोर अन्याय जैसा होगा। प्रधानमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर साझा किए गए पत्र में कहा, यदि 2029 के लोकसभा चुनाव और उस वर्ष होने वाले विभिन्न विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के पूर्ण रूप से लागू होने के साथ कराए जाते हैं, तो हमारा लोकतंत्र और अधिक मजबूत तथा जीवंत बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की बेटियों को उस अधिकार के लिए अनिश्चितकाल तक इंतजार नहीं कराया जा सकता, जो उनका हक है। उन्होंने कहा, जब हमारी विधायिकाओं में महिलाओं की आवाज और मजबूत होती है, तो लोकतंत्र की आवाज भी और अधिक सशक्त हो जाती है। उन्होंने कहा, मैं संसद की अगली बैठक और संविधान संशोधन के पारित होने के लिए आपका तथा भारत भर की करोड़ों महिलाओं का आशीर्वाद चाहता हूं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूं कि अपने स्थानीय सांसदों को पत्र लिखें और उनसे इस ऐतिहासिक संसद सत्र में भाग लेने का अनुरोध करें। सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम जिसे आमतौर पर महिला आरक्षण अधिनियम के नाम से जाना जाता है, पारित किया था। इसे विधाई निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है। इस अधिनियम में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया। महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों के पारित हो जाने से लोकसभा में सीट की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी जिनमें से 273 सीट महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। हालांकि महिला आरक्षण 2027 की जनगणना के आधार पर परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही लागू हो पाता। इसका मतलब यह था कि यदि वर्तमान कानून यथावत रहता है तो आरक्षण 2034 से पहले लागू नहीं हो पाता। इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम में बदलाव की आवश्यकता थी; इसलिए सरकार कानून में संशोधन पारित करने के लिए बजट सत्र में तीन दिन की बैठक अलग से बुला रही है।

## धोखा फरेब नाकामी की पटकथा रही इस्लामाबाद वार्ता

मनोज कुमार अग्रवाल

करीब डेढ़ महीने से से अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की मध्यस्थता में हुई इस्लामाबाद वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई। 21 घंटे की चर्चा के बावजूद ईरान और अमेरिका में आपसी सहमति नहीं बन पाई तो अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने लाव-लश्कर के साथ अमेरिका वापस लौट गए और जाते-जाते कह गए कि यह ईरान के लिए बुरी खबर है कि कोई समझौता नहीं हुआ। लेकिन जो ईरान 28 फरवरी को अपने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई की शहादत से लेकर मिनाब में डेढ़ सौ बच्चियों की जान जाने तक कई बुरी खबरों को झेलकर भी अपनी शर्तों पर टिका हुआ है, उसे अमेरिका भला एक वार्ता के विफल होने से क्या हिला पाएगा। असल में तो इस्लामाबाद वार्ता की असफलता अमेरिका के लिए बुरी खबर है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य की चाबी अब भी ईरान के हाथ में ही है और इससे भी बढ़कर उसके पास सिर न झुकाने का जो जज्बा है, वो अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के पास नहीं है। ट्रंप नेतन्याहू की मर्जी से युद्ध छेड़ते हैं और समझौता भी नहीं कर पाते, क्योंकि नेतन्याहू ऐसा नहीं चाहते। आपको बता दें बीते दिनों न्यूयार्क टाइम्स ने एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें बताया गया कि बेंजामिन नेतन्याहू 11 फरवरी को अमेरिका में थे, जहां उन्होंने ट्रंप के सामने एक पूरी रणनीति बताई थी कि ईरान पर हमला करना चाहिए, क्योंकि वह अभी कमजोर है। इससे ईरान में सत्ता बदली जा सकती है और उसके संसाधनों पर कब्जा भी किया जा सकता है। नेतन्याहू ऐसे ही प्रस्ताव पहले बराक ओबामा, जो बाइडेन और जार्ज बुश को भी दे चुके थे, लेकिन इन तीनों राष्ट्रपतियों ने अपने कार्यकाल में ऐसा कोई फैसला नहीं लिया। यह खुलासा पूर्व विदेश मंत्री जॉन केरी ने हाल ही में किया है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप नेतन्याहू की बात मानने को मजबूर हो गए। क्या इसके पीछे एपस्टीन फाइल्स के खुलासे हैं, इस सवाल का जवाब अभी मिलना बाकी है। बहरहाल, यह वार्ता बेनतीजा रही, क्योंकि एक तरफ इजरायल लेबनान पर अपने हमले नहीं रोक रहा था, जबकि ईरान की 10 शर्तों में यह एक अहम शर्त थी कि लेबनान पर हमले रुकने चाहिए। दूसरी तरफ अमेरिका ने भी अपने रुख में इंच भर का बदलाव नहीं दिखाया। अमेरिका-ईरान वार्ता बिना नतीजे के खत्म हो गई. लेकिन बातचीत के नाम पर असली फायदा डोनाल्ड ट्रंप ने उठाया है. अमेरिका ने होर्मुज में माइंस हटाने वाले जहाज भेज दिए हैं. वहीं पाकिस्तान ने भी सऊदी अरब में जेट भेजे हैं. इससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या बातचीत के नाम पर ईरान पर दबाव बनाने की रणनीति अपनाई गई. कहीं बातचीत में उलझाकर उसे फिर से धोखा तो नहीं दिया गया। क्योंकि बातचीत के बीच ही अमेरिका ने माइंस हटाने के लिए अपने दो सैन्य जहाजों को होर्मुज के पार ईरान के पास भेज दिया है. करीब 21 घंटे तक चली मैराथन बातचीत के बाद अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को खाली हाथ लौटना पड़ा. वेंस ने साफ कहा कि अमेरिका ने अपनी ह्यरेड लाइनह्व बता दी थी, लेकिन ईरान ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया. दूसरी तरफ ईरान का आरोप है कि अमेरिका ने जरूरत से ज्यादा शर्तें थोप दीं और बातचीत को संतुलित नहीं रखा.यहां यह भी गौरतलब है कि दोनों पक्षों के बीच 5 अहम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। इनमें होर्मुज जलडमरूमध्य, परमाणु कार्यक्रम, युद्ध की भरपाई, ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाना और ईरान के खिलाफ तथा पूरे क्षेत्र में चल रहे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने जैसे विषय शामिल रहे। लेकिन इन मुद्दों पर सहमति नहीं बन पाई। अमेरिका न ईरान पर लगे प्रतिबंध हटाने के लिए तैयार हुआ, न उसने होर्मुज पर अपना रुख साफ किया। दरअसल पिछले दस दिनों में ही ट्रम्प दो बिल्कुल अलग-अलग बातें कह चुके हैं। पहले उन्होंने कहा था कि होर्मज में अमेरिका की कोई खास दिलचस्पी नहीं है, अमेरिका को वहां से गुजरने वाले तेल की जरूरत नहीं है। फिर कुछ ही दिनों बाद उन्होंने कहा कि यह अमेरिका की मांगों का सबसे जरूरी हिस्सा है, और अगर इसे खुला नहीं रखा गया तो कोई बातचीत नहीं हो सकती। वैसे यह तय है कि होर्मुज बनारसमध्य पर अमेरिका अपना कब्जा चाहता है, क्योंकि ईरान ते इस पर न केवल नाकेबंदी की है, बल्कि अब शुल्क चिनेको एरुआत भी कर दी है और ट्रंप इससे बुरी तरह गए हैं। ईरानी संसद से मंजूरी मिलने के बाद अब नामिरिखोलूश्यनरी गाईस कॉर्पस को होर्मुज से गुजरने पाहा से शुल्क वसूलने का अधिकार मिल गया है। एक बेरल तेल पर एक डॉलर ईरान वसूलेगा, साथ ही क्रिप्टो करेंसी में भुगतान की व्यवस्था भी होगी, ताकि अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का कोई असर न पड़े। ईरान की इस रणनीति से उसे आर्थिक मजबूती मिलेगी, अमेरिका को इस बात का अहसास हो चुका है। इसलिए अब उसने फिर से अपने पत्ते फेंटने शुरू किए हैं, ताकि युद्ध को जायज ठहरा सके।

## सूरों की आशा बनकर गूंजती रहेगी आशा भोसले

**आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। ह्लअभी न जाओ छोड़ करह्व जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं,**





ललित गर्ग

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

भारतीय संगीत का आकाश आज कुछ अधिक मौन, कुछ अधिक रिक्त प्रतीत होता है। स्वर की वह चंचल चिड़िया, जन-जन को चमत्कृत करने वाली आवाज जिसने दशकों तक हर हृदय में मधुरता के बीज बोए, आज भले ही भौतिक रूप से हमारे बीच न हो, पर उसकी गूंज अनंत में विलीन होकर भी अमर बनी हुई है। आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, वे भारतीय आत्मा की वह स्वर-लहरी थीं, जो हर संस्कृति, हर भावना और हर युग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराती रही। वे एक बेमिसाल गायिका, अनगिनत लोगों की आशा एवं अभिलाषा की करिश्माई आवाज बनकर करीब 12000 गीतों का सृजन कर विश्व रिकार्ड बनाया। हृदयाघात के कारण उनका जाना केवल एक कलाकार का जाना नहीं, बल्कि भारतीय संवेदना के एक पूरे युग का अवसान है, परंतु यह अवसान भी किसी अंत का नहीं, बल्कि उस अमरत्व का संकेत है जहाँ कलाकार अपने शरीर से परे होकर अपनी कृति में जीवित रहता है। ह्लअभी न जाओ छोड़ करह्व जैसे गीत आज करोड़ों हृदयों की सच्ची पुकार बन गए हैं। जिनकी आवाज ने विरह को भी मधुर बना दिया, आज उन्हीं के बिछोह में संसार भाव-विह्वल है। आशा जी की आवाज में एक अद्भुत जीवंतता थी, वह कभी किशोरी की चंचलता बन जाती तो कभी विरहिणी की करुण पुकार। उनके गीतों में जीवन की सम्पूर्णता समाहित थी-हंसी, आंसू, प्रेम, पीड़ा, श्रृंगार और भक्ति का ऐसा समन्वय जो दुर्लभ है। यही कारण है कि उनकी गूंज केवल भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि विश्व के अनेक देशों में लोग उनके गीतों को गुनगुनाते रहे। यदि भारतीय संगीत को एक महासागर माना जाए तो आशा भोसले उसमें बहती वह नदी थीं, जिसने हर शैली को अपने भीतर समेट लिया। क्लासिकल से लेकर पॉप, जैज से लेकर गजल और कव्वाली तक, उन्होंने हर विधा में अपनी विशिष्ट छाप छोड़ी। यह मानना कठिन है कि एक ही स्वर इतनी विविधताओं को इतनी सहजता से व्यक्त कर सकता है, पर आशाजी ने इसे संभव कर दिखाया। वे केवल गाती नहीं थीं, वे हर गीत को जीती थीं और यही कारण है कि उनके गीत केवल ध्वनि नहीं बल्कि अनुभूति बन जाते थे। 8 सितंबर 1933 को जन्मी आशाजी ने संगीत को साधना के रूप में जिया। लता मंगेशकर जैसी विराट प्रतिभा की छाया में अपनी अलग पहचान बनाना सरल नहीं था। अनेक प्रतिभाएँ उस छाया में दबकर गुमनामी में खो गईं, पर आशाजी ने संघर्ष को अपनी शक्ति बनाया। पिता दीनानाथ मंगेशकर से मिली संगीत की विरासत को उन्होंने अपने परिश्रम और साहस से विस्तार दिया। निजी जीवन के उतार-चढ़ाव, सामाजिक दबाव और प्रतिस्पर्धा के बीच भी उन्होंने अपने स्वर की लौ को कभी मंद नहीं होने दिया। ओ.पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनका जुड़ाव उनके करियर का निर्णायक मोड़ बना और उसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी उपलब्धियाँ केवल लोकप्रियता तक सीमित नहीं रहीं। ग्रेमी अवार्ड से सम्मानित होना, पद्म विभूषण प्राप्त करना और गिनीज वर्ल्ड रिकार्ड में सर्वाधिक गीत गाने का रिकॉर्ड दर्ज कराना, यह सब उनकी दीर्घ साधना और असाधारण प्रतिभा के प्रमाण हैं। परंतु इन सबसे बढ़कर उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि वह प्रेम है, जो उन्हें श्रोताओं से मिला और जो आज भी उनके गीतों के माध्यम से जीवित है। आशा जी के गीतों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय की सीमाओं को लांघ जाते हैं। ह्लपिया तू अब तो आजाह्व, ह्लदम मारो दमह्व, ह्लचुरा लिया है तुमनेह्व, ह्लदिल चीज क्या हैह्व जैसे अनगिनत गीत आज भी उतने ही ताजगी भरे लगते हैं जितने अपने समय में थे। उनके गीतों में केवल संगीत नहीं, बल्कि एक जीवंत आत्मा थी, जो हर शब्द को अर्थपूर्ण बना देती थी और उसे कालजयी बना देती थी। संगीत उनके लिए केवल कला नहीं, जीवन का श्वास था। जैसे बिना सांस के जीवन असंभव है, वैसे ही बिना संगीत के जीवन नीरस और अर्थहीन हो जाता है। उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से यह सिद्ध किया कि संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मा का पोषण है। उनके हर गीत में कहीं न कहीं ईश्वर की स्तुति, जीवन की सार्थकता और भावनाओं की पवित्रता का स्पर्श मिलता है। आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह अनुभव होता है कि उनका जाना केवल एक व्यक्ति का जाना नहीं, बल्कि एक युग का समापन है। मो. रफी, मुकेश और किशोर कुमार के बाद आशा भोसले का जाना भारतीय संगीत की उस स्वर्णिम परंपरा के एक और दीप का बुझना है, जिसने इस देश की आत्मा को सुरों में पिरोया था। फिर भी यह भी उतना ही सत्य है कि ऐसे कलाकार कभी समाप्त नहीं होते, वे अपनी कृतियों में जीवित रहते हैं, अपने स्वरों में सांस लेते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी लोगों के हृदय में गूंजते रहते हैं। मोहन भागवत द्वारा व्यक्त श्रद्धांजलि इस सत्य को और गहराई देती है कि आशा भोसले केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना की प्रतीक थीं। उनका योगदान केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से भारतीयता, संवेदनशीलता और जीवन के उत्सव को अभिव्यक्त किया। उनका जाना निस्संदेह एक अपूरणीय क्षति है, पर उनकी आवाज, उनकी लय, उनकी जीवंतता और उनकी आत्मा इस देश की माटी में सदैव गूंजती रहेगी। यही उनकी सच्ची अमरता है और यही हमारे लिए उनकी सबसे बड़ी विरासत है।

## माता पिता आपको अच्छा इंसान बनाते हैं

**मां- बाप प्रतिफल बच्चों को सुख देने के लिए बेचैन रहते हैं इनके जीवन का 90 प्रतिशत संघर्ष तो मां ॾबाप ही पूरा कर देते हैं ऐसे लोग होते है जो पढ़ाई का खर्च खुद उठाते हैं आज के बच्चे इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते इन्हें लगता है कि फीस मां- बाप को ही भरनी है पेरेंट्स बच्चों को अच्छे से पढ़ा देते हैं अच्छी सी नौकरी लगवा देते हैं बच्चों के जीवन में संघर्ष बचा ही नहीं कुछ संघर्ष संतानों के लिए भी छोड़ना चाहिए एहसास कराना चाहिए कि जो सुविधाएं इन्हें मिल रहे हैं ये इनका अधिकार नहीं बल्कि माता- पिता का उपकार है परिंदा भी अपने छोटे बच्चों को पेड़ से धक्का दे देता है इसके बाद वो बच्चा पेड़ से गिरता नहीं उड़ जाता है और तब उस बच्चे को पता चलता है कि अगर धक्का नहीं दिया होतो तो में आसमान में नहीं आया होता इसे प्रकार जिंदगी के दरिया में इन बच्चों को हाथ पैर चलाने देना होगा जब संघर्ष आता है तो लोग दुर्भाग्य मानने लगते हैं संघर्ष और दुर्भाग्य में फर्क है दुर्भाग्य परेशान करता है संघर्ष तराशता है**





संजय गोस्वामी

लेखक

हर बालक अनगढ़ पत्थर की तरह है जिसमें सुन्दर मूर्ति छिपी है, जिसे शिल्पी की आँख देख पाती है। वह उसे तराश कर सुन्दर मूर्ति में बदल सकता है। क्योंकि मूर्ति पहले से ही पत्थर में मौजूद होती है शिल्पी तो बस उस फालतू पत्थर को जिसमें मूर्ति ढकी होती है, एक तरफ कर देता है और सुन्दर मूर्ति प्रकट हो जाती है। माता-पिता शिक्षक और समाज बालक को इसी प्रकार सँवार कर खूबसूरत व्यक्तित्व प्रदान करते हैं। मां- बाप प्रतिफल बच्चों को सुख देने के लिए बेचैन रहते हैं इनके जीवन का 90 प्रतिशत संघर्ष तो मां ॾबाप ही पूरा कर देते हैं ऐसे लोग होते है जो पढ़ाई का खर्च खुद उठाते हैं आज के बच्चे इसकी कल्पना भी नहीं कर सकते इन्हें लगता है कि फीस मां- बाप को ही भरनी है पेरेंट्स बच्चों को अच्छे से पढ़ा देते हैं अच्छी सी नौकरी लगवा देते हैं बच्चों के जीवन में संघर्ष बचा ही नहीं कुछ संघर्ष संतानों के लिए भी छोड़ना चाहिए एहसास कराना चाहिए कि जो सुविधाएं इन्हें मिल रहे हैं ये इनका अधिकार नहीं बल्कि माता- पिता का उपकार है परिंदा भी अपने छोटे बच्चों को पेड़ से धक्का दे देता है इसके बाद वो बच्चा पेड़ से गिरता नहीं उड़ जाता है और तब उस बच्चे को पता चलता है कि अगर धक्का नहीं दिया होतो तो में आसमान में नहीं आया होता इसे प्रकार जिंदगी के दरिया में इन बच्चों को हाथ पैर चलाने देना होगा जब संघर्ष आता है तो लोग दुर्भाग्य मानने लगते हैं संघर्ष और दुर्भाग्य में फर्क है दुर्भाग्य परेशान करता है संघर्ष तराशता है पांच चीजें बच्चों को अवश्य सिखाएं परिश्रम ईमानदारी सहनशीलता सहयोग की वृत्ति और परिणाम के प्रति बेफिक्र होना इससे बच्चे परिपक्व होगें हम बहुत-सी चीजें करने के इच्छुक हैं– अच्छी आदतें डालने और बुरी आदतें छोड़ने, एकाग्रता के साथ पढ़ने और मन लगाकर कुछ करने का हम संकल्प लेते हैं। परन्तु बहुधा हमारा मन विद्रोह कर बैठता है और हमें इन संकल्पों को रूपायित करने के हमारे प्रयास से पीछे हटने को मजबूर कर देता है। हमारे सामने किताब खुली पड़ी है और हमारी आँखें खुली हैं; परन्तु मन कुछ पुरानी बातों को सोचता हुआ या भविष्य के लिए ख्याली पुलाव पकाता हुआ इधर-उधर घूमने लगता है। जब हम थोड़ी देर के लिए प्रार्थना, जप या ध्यान करने बैठते हैं, तब भी ऐसा ही होता है। स्वामी विवेकानन्द कहते हैं, ह्यह्यस्वतन्त्र ! हम एक क्षण तो स्वयं अपने मन पर शासन नहीं कर सकते ! यही नहीं, किसी विषय पर उसे स्थिर नहीं कर सकते और अन्य, सबसे हटाकर किसी एक बिन्दु पर उसे केन्द्रित नहीं कर सकते ! फिर भी हम अपने को स्वतन्त्र कहते हैं ! जरा इस पर गौर तो करो !ह्लह्लशिक्षा का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थी का व्यक्तित्व विकास उनकी योजना का अनिवार्य अंग नहीं बन पाता है।चाहे आई.टी. का क्षेत्र हो अथवा मैनेजमेंट या मेडिकल का, सभी में सन्तोषजनक प्रगति हुई है, परन्तु युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण की समस्या जस की तस दिखाई दे रही है। भगवद्गीता का कहना है कि असंयमित मन एक शत्रु के समान और संयमित मन हमारे मित्र के समान आचरण करता है। शिक्षा शास्त्रियों के अनुसार शिक्षा को त्रिमुखी प्रक्रिया माना गया है। शिक्षक, शिक्षार्थी एवं पाठ्यक्रम तीन आधार इस प्रक्रिया में हैं। शिक्षक का पुनीत कार्य शिक्षार्थी को पढ़ाना है, पाठ्यक्रम इसका माध्यम है। स्पष्ट है कि शिक्षक के लिए साध्य शिक्षार्थी है न कि पाठ्यक्रम। पाठ्यक्रम तो शिक्षक के लिए साधन के रूप में उपयोग में लाया जाता है। समय परिवर्तन के साथ साधन, साध्य के रूप में परिवर्तित हो गया है। शिक्षक का केन्द्रीकरण पाठ्यक्रम तक सीमित रह गया है, शिक्षार्थी द्वितीय वरीयता क्रम में आ गया है। अस्तु ! शिक्षा का सर्वांगीण विकास अथवा शिक्षार्थी के व्यक्तित्व विकास की अवधारणा उलट गयी है। लक्ष्य परिवर्तित हो गये हैं, व्यक्तित्व के विकास का स्थान अंक-अर्जन ने प्राप्त कर लिया है, लक्ष्य उपाधि अथवा परिणाम हासिल करने तक सिमट गया है। समस्त शिक्षा-तन्त्र का भी एकमात्र उद्देश्य विद्यालय के उत्तम परीक्षाफल तक ही सीमित हो गया है। विद्यार्थी के विकास से उनका अब कोई लेना-देना नहीं है। पाठ्यक्रम केन्द्रित शिक्षा व्यवस्था ने जो भी विकास किया है वह मात्र पाठ्यक्रम का। दिनोंदिन बस्ते का वजन बढ़ रहा है, विद्यार्थी के विकास की गति उसी के सापेक्ष घट रही है। विद्या प्रदाता को गुरु कहा जाता था, विद्या ग्रहण करने वाले को शिष्य। शनैः-शनैः गुरु-अध्यापक में परिवर्तित हुआ और शिष्य-विद्यार्थी में। वर्तमान में अध्यापक भी शिक्षक के रूप में तथा विद्यार्थी भी शिक्षार्थी के रूप में विद्यमान हैं। व्यक्तित्व निर्माण अथवा सद्गुण तथा सद्संस्कार का सम्बन्ध गुरु और शिष्य से है, शिक्षक और शिक्षार्थी से नहीं। संस्कार तथा जीवन निर्माण की बात तभी पूर्ण हो सकती है जब शिक्षक-गुरु के रूप में कार्य करें तथा शिक्षार्थी स्वयं को शिष्य के स्वरूप को परिलक्षित करें। दोनों मं पारस्परिक यथायोग्य परम्पराओं एवं सम्बंधों का निर्वहन हो। शिक्षक और शिक्षार्थी के मध्य निरन्तर सम्पर्क, सम्बन्ध तथा संस्कारोचित व्यवहार हो। व्यक्तित्व-विकास में वंशानुक्रम तथा परिवेश दो प्रधान तत्त्व हैं। वंशानुक्रम व्यक्ति को जन्मजात शक्तियाँ प्रदान करता है। परिवेश उसे इन शक्तियों को सिद्धि के लिए सुविधाएँ प्रदान करता है। बालक के व्यक्तित्व पर सामाजिक परिवेश प्रबल प्रभाव डालता है। ज्यों-ज्यों बालक विकसित होता जाता है, वह उस समाज या समुदाय की शैली को आत्मसात कर लेता है, जिसमें वह बड़ा होता है, विकास का तात्पर्य यहां सद्गुणों से है, नैतिक एवं जीवन मूल्यों से है, कुल मिलाकर संस्कारों से है। जिसमें माता पिता का वचन पालन करना आवश्यक है जो भगवान राम ने मयार्दा का पालन किया,वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने शिक्षा को केवल साक्षर बनाने तक परिसीमित कर दिया है,

## नारी शक्ति वंदन शंका व संग्राम

विनोद कुमार सिंह

संसद का विशेष सत्र का ऐसे समय बुलाया गया है जब 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव हो रही है विश्व का सबसे बड़े लोकतंत्र भारत वर्तमान परिपेक्ष में एक ऐसे संक्रमण काल से गुजर रहा है,जहाँ सामाजिक परिवर्तन और राजनीतिक रणनीति एक-दूसरे में गुंथकर नई दिशा तय कर रहे हैं। ह्लनारी शक्ति वंदनह्व का उभरता विमर्श,संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र और इसके इर्द-गिर्द तेज होती राजनीतिक हलचल इस बात का संकेत है कि देश की आधी आबादी अब केवल चर्चा का विषय नहीं,बल्कि सत्ता-समीकरण का केंद्र बन चुकी है।यह वह काल है, जहाँ नारी शक्ति का प्रश्न भावनात्मक अपील से आगे बढ़कर ठोस राजनीतिक और संवैधानिक निर्णयों की कसौटी पर खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऐतिहासिक विज्ञान भवन में दिए गए वक्तव्यों ने इस बहस को नई गति दी है।किन्द्र सरकार इसे ऐतिहासिक निर्णय की दिशा में निर्णायक कदम बता रही है,वही कांग्रेस व विपक्षी राजनीतिक दल इसे समय-प्रबंधन और राजनीतिक लाभ के नजरिये से देख रहा है।परिणाम स्वरूप यहीं से सत्ता और विपक्ष के बीच वह टकराव स्पष्ट रूप से उभरता है,जो भारतीय लोकतंत्र की पहचान भी और उसकी शक्ति भी है।भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन इस पूरे विमर्श को महिला सशक्तिकरण की दीर्घकालिक नीति का स्वाभाविक विस्तार मानते हैं।उनका तर्क है कि पिछले वर्षों में महिलाओं को आर्थिक,सामाजिक और स्वास्थ्य के स्तर पर मजबूत करने के लिए जो योजनाएं लागू की गईं,वे अब राजनीतिक प्रतिनिधित्व के रूप में परिणत होने जा रही हैं।जनधन योजना के माध्यम से बैंकिंग पहुँच, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन,स्वयं सहायता समूहों के जरिए आर्थिक सशक्तिकरण और लखपति दीदी जैसी पहलों को इस परिवर्तन की पृष्ठभूमि के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।उनका यह तर्क दिया जा रहा है कि जब आधार तैयार हो चुका है,तब राजनीतिक भागीदारी को बढ़ाना स्वाभाविक अगला कदम है।वही इसके विपरीत कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस पूरी प्रक्रिया को अधूरा और प्रश्नों से घिरा हुआ मानते हैं।उनका कहना है कि यदि महिलाओं को वास्तविक सशक्तिकरण देना है,तो आरक्षण के भीतर भी सामाजिक न्याय सुनिश्चित किया जाना चाहिए,ताकि पिछड़े वर्गों,दलितों और आदिवासी समुदायों की महिलाओं को भी समान अवसर मिल सके।इसके साथ ही वे इस बात पर भी सवाल उठाते हैं कि क्रियान्वयन को भविष्य की समयसीमा से क्यों जोड़ा गया है।विपक्ष के अनुसार,यह देरी कहीं न कहीं इस मुद्दे को चुनावी लाभ के लिए उपयोग करने की रणनीति को दशार्ती है।यह टकराव केवल विधायी प्रक्रिया का नहीं,बल्कि राजनीतिक नैरेटिव का संघर्ष बन चुका है।एक ओर सत्ता पक्ष इसे उपलब्धियों की श्रृंखला के रूप में प्रस्तुत कर रहा है,तो दूसरी ओर विपक्ष इसे अधूरी प्रतिबद्धता और राजनीतिक गणित का परिणाम बताने में लगा है।इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दोनों पक्ष नारी शक्ति को अपने-अपने तरीके से केंद्र में रख रहे हैं,जो इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं का मुद्दा अब भारतीय राजनीति में निर्णायक बन चुका है।अगर हम इस पहलू के संभावित लाभों की चर्चा करें तो यह स्पष्ट है कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से लोकतंत्र अधिक संतुलित और समावेशी बन सकता है।

## इतिहास, वर्तमान और भविष्य के त्रिकोण में भारत



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारत का इतिहास केवल घटनाओं का क्रम नहीं है, बल्कि वह एक जीवंत धारा है जिसमें संघर्ष, त्याग, विश्वास और परिवर्तन की अनगिनत परतें समाहित हैं। कुछ दिन ऐसे होते हैं जो इतिहास में स्थायी रूप से दर्ज हो जाते हैं, ऐसे दिन जो केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। वर्तमान समय भी उन्हीं में से एक प्रतीत होता है, जहां अतीत की गूंज, वर्तमान की हलचल और भविष्य की संभावनाएं एक साथ दिखाई देती हैं। भारत के इतिहास में यह समय विशेष महत्व रखता है। एक ओर जहां खालसा पंथ की स्थापना का गौरवशाली क्षण है, वहीं दूसरी ओर जलियांवाला बाग हत्याकांड जैसी दर्दनाक घटना भी इसी कालखंड में घटित हुई थी। सन-1699 में गुरु गोबिंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना केवल धार्मिक घटना नहीं थी, बल्कि यह भारतीय समाज में आत्मसम्मान, समानता और अत्याचार के विरुद्ध खड़े होने का आह्वान था। खालसा का अर्थ ही है- शुद्ध, निर्भीक और स्वतंत्र। यह स्थापना उस समय हुई जब मुगल शासन के अत्याचार चरम पर थे। खालसा पंथ ने न केवल धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की, बल्कि एक ऐसे समाज का निर्माण किया जिसमें जाति, वर्ग और भेदभाव का स्थान नहीं था। 13 अप्रैल 1919 को रेजिनाल्ड डायर द्वारा अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे लोगों पर गोली चलाना मानवता के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। इस घटना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक नई दिशा दी। इस हत्याकांड ने यह स्पष्ट कर दिया कि ब्रिटिश शासन केवल दमन और अत्याचार पर आधारित था। यह घटना भारत के हर नागरिक के दिल में स्वतंत्रता की ज्वाला को और प्रज्वलित करने का कारण बनी। इतिहास के इन अध्यायों की गूंज आज भी सुनाई देती है, लेकिन वर्तमान में परिस्थितियां अलग रूप में सामने आ रही हैं। वर्तमान समय में डोनाल्ड ट्रम्प जैसे नेताओं की नीतियों का प्रभाव वैश्विक बाजारों पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उनकी नीतियों और बयानों के कारण बाजार में अस्थिरता देखी जा रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में यह उतार-चढ़ाव भारत जैसे विकासशील देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। निवेश, व्यापार और रोजगार पर इसका सीधा असर पड़ता है। मध्य पूर्व में स्थित लेबनान में हाल के घटनाक्रमों ने पूरे विश्व को झकझोर दिया है। हजारों लोगों की मौत और व्यापक विनाश ने यह दिखाया है कि युद्ध और अस्थिरता का सबसे बड़ा खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। यह स्थिति यह सोचने पर मजबूर करती है कि क्या मानवता ने इतिहास से कुछ सीखा है? भारत के पूर्वी हिस्से, विशेषकर पश्चिम बंगाल और बिहार, इस समय राजनीतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल गरम है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपनी पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में है और उसकी उम्मीदें न्यायपालिका और जनसमर्थन दोनों पर टिकी हैं। बंगाल की राजनीति में बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। हालिया सर्वेक्षणों के अनुसार भाजपा का प्रभाव बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है, हालांकि अंतिम परिणाम अभी अनिश्चित है। बिहार केवल एक राज्य नहीं है, बल्कि भारतीय राजनीति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। यहां के राजनीतिक घटनाक्रम का असर राष्ट्रीय स्तर पर पड़ता है। बंगाल चुनाव में प्रचार के लिए गए बिहारी नेताओं की वापसी का समय और परिस्थितियां भी राजनीतिक संकेत दे रही हैं। यह स्पष्ट है कि बिहार और बंगाल की राजनीति आपस में कहीं न कहीं जुड़ी हुई है। उमस केवल मौसम की नहीं होती है, बल्कि राजनीतिक वातावरण की भी प्रतीक है। जब वातावरण में उमस होती है, तो यह अक्सर किसी बड़े परिवर्तन का संकेत देती है, जैसे बारिश से पहले की स्थिति। इसी प्रकार राजनीति में भी जब अस्थिरता और तनाव बढ़ता है, तो यह किसी बड़े बदलाव की भूमिका तैयार करता है। भाजपा के लिए वर्तमान समय अवसरों और चुनौतियों का मिश्रण है। भाजपा के लिए अवसर है बंगाल में बढ़ता जनसमर्थन और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत संगठन। वहीं चुनौतियां है स्थानीय मुद्दों का प्रभाव, विपक्ष की रणनीति और जन अपेक्षाओं पर खरा उतरना। राजनीति में केवल हवा का रुख ही नहीं, बल्कि उस हवा को दिशा देने की क्षमता भी महत्वपूर्ण होती है। भारत आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां इतिहास सीख दे रहा है, वर्तमान चुनौती दे रहा है और भविष्य पुकार रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 15 अप्रैल, 2026



## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनी अम्बेडकर की जयंती

छपरा। आर.बी.एस.पब्लिक स्कूल, मौना पकड़ी बड़का दुआरा, छपरा, में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकगण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को व्यक्त किया गया और साथ-ही प्रतिभा सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया। कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल देकर एवं अभिभावक को शॉल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉ.राजू कुमार (अधिवक्ता), निदेशक प्रोफेसर सियाशरण प्रसाद, कोषाध्यक्ष श्रीमती मोनिका देवी विद्यालय का प्राचार्या नीलम कुमारी, एवं विद्यालय के सभी शिक्षकगण,और वैश्य जागरण मंच के अध्यक्ष सुनील कुमार ब्याहुत उपस्थित हुए।

### रसूलपुर में मनी अम्बेडकर जयंती

रसूलपुर। स्थानीय रसूलपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को अम्बेडकर जयंती मनाई गई।मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का व्यक्तित्व व कृतित्व आज भी देश व समाज के लिए प्रसांगिक है।हम सबों को उनसे प्रेरणा लेकर उनके विचारों को प्रचारप्रसार करनी चाहिए। अम्बेडकर जयंती पर हम सबों को उप मुखिया मनोज सोनी ने कहा कि गरीब ,असहाय व पिछड़े लोगों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का संकल्प लेनी चाहिए।मौके पर पूर्व सरपंच मुर्तजा हुसैन, वार्ड सदस्य फिरोज मियां, कृष्णा राम, विकास मित्र राजीव राम,राजू गिरि ,विकेश सिंह ,गया यादव आदि थे।

### आभूषण दुकान से लाखों रुपए के सामानों की चोरों ने की चोरी

दरियापुर।डेरनी थाना से महज कुछ सौ मीटर की दूरी पर स्थित मां विद्या ज्वेलर्स दुकान से चोरों ने लाखों रुपए के सामानों की चोरी कर पुलिस की नींद हराम कर दी।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय दुकानदार एवं ग्रामीणों ने पुलिस के प्रति नाराजगी जाहिर की।घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की रात दुकान के ऊपरी तल्ले का शटर तोड़ चोर सीढ़ी के रास्ते नीचे दुकान में उतर गए।जिसके बाद अलमारी में रखे गए साढ़े पांच किलो चांदी एवं उसके आभूषण तथा पचास ग्राम सोना का आभूषण के साथ ही लगभग इक्कीस हजार रुपए नकद लेकर फरार हो गए।इसके साथ ही दुकान में लगे कैमरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं पुलिस द्वारा जांच के दौरान घटनास्थल से लगभग दो किलोमीटर दूर लोहछा चंवर स्थित मकई के खेत में चोरों द्वारा सामान बंटवारे करने का साक्ष्य बरामद किया गया है।हालांकि पुलिस को कोई अन्य महत्वपूर्ण सुराग हासिल नहीं हो सका है।घटना को लेकर पीड़ित दुकानदार भूपेंद्र सोनी के द्वारा अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।प्रभारी थानाध्यक्ष गुलशन कुमार के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।

### मांझी के सबदरा में मुखिया मुन्ना साह ने किया बाबासाहेब की प्रतिमा का अनावरण

मांझी।मांझी मांझी प्रखंड के मरहा पंचायत के सबदरा गाँव में अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुखिया मुन्ना साह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण उत्साहपूर्वक किया।इस दौरान ग्रामीणों ने मुखिया मुन्ना साह का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत कर आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर मुखिया मुन्ना साह ने कहा कि बाबासाहेब का संघर्षपूर्ण जीवन और उनके महान विचार हमें सदैव समानता, न्याय और वंचितों के उत्थान की प्रेरणा देते हैं।उन्होंने कहा यह प्रतिमा हमें उनके द्वारा स्थापित संवैधानिक मूल्यों व लोकतांत्रिक आदर्शों की रक्षा के लिए निरंतर प्रेरित करती रहेगी।उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर स्थानीय लोगों का आभार प्रकट किया. तीन लाख रुपए की लागत से हुए इस विकास कार्य का उद्देश्य समाज में समरसता लाना है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सबको मिलकर बाबासाहेब के सपनों का समतामूलक समाज बनाने का संकल्प लेना चाहिए। उदघाटन समारोह में भारी संख्या में क्षेत्रवासी, युवा और बुजुर्ग उपस्थित रहे।इस अवसरपरचन्दन कुमार,अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, पप्पू कुमार, राहुल साह, शैलेन्द्र साह,यस राम,राजेश्वर मांझी, अरुण राम,मुन्ना राम,विश्वकर्मा राम,प्रदीप साह सहित बडी संख्या में बाबा साहब के चाहने वाले मौजूद रहे।

# जदयू ने मनाई बाबा साहेब की 135वीं जयंती, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा का लिया संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जनता दल (यूनाइटेड) सारण जिला इकाई की ओर से भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पार्टी कार्यालय, डाक-बंगला रोड, छपरा में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह बिकल ने की। इस अवसर पर सर्वप्रथम बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने बाबा साहेब के विचारों, उनके संघर्ष और भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन सामाजिक न्याय, समानता और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज की स्थापना संभव है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष बैद्यनाथ प्रसाद सिंह बिकल, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, ओमप्रकाश शर्मा, जिला प्रवक्ता ब्रजेश कुमार, जिला महासचिव ई० प्रभाष शंकर, चन्द्र भूषण पंडित, दीपक कुमार सिंह, अरशद परवेज मुन्नी, बालमुकुंद चौहान, बाल्मीकि पाठक, पशुपति पटेल, कुसुम देवी, शम्भू मांझी, इमरान चुन्नू, दिलीप ठाकुर, अनंत गोंड, प्रमोद मांझी, छोटे लाल राय, शिव कुमार शर्मा, ललिता सिंह, राज नारायण दास सहित बड़ी संख्या में जदयू नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए समाज में समरसता, शिक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# डीएम के आदेश को ठेंगा, डीपीएस में फीस वसूली निरंतर जारी

- नर्सरी से यूकेजी तक सालाना लाखों से अधिक की फीस, अभिभावकों में असंतोष , अंकुश लगाने की उठी मांग
- नाजायज वसूली पर सियासत तेज, जांच की उठी मांग
- डीपीएस प्रबंधन द्वारा मोबाइल पर जानकारी देने से किया इनकार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सारण जिले के गरखा प्रखंड अंतर्गत भैसमारा स्थित श्रीनिवास मेडिकल कॉलेज स्थित संचालित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) इन दिनों अभिभावकों के बीच भारी नाराजगी का कारण बना हुआ है। स्कूल प्रबंधन पर मनमानी फीस वसूली, री-एडमिशन और विभिन्न मदों के नाम पर मोटी रकम लेने का मामला सामने आए हैं। खास बात यह है कि यह सब उस समय हो रहा है, जब जिला प्रशासन ने निजी स्कूलों की फीस को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी कर रखा है। जानकारी के अनुसार, विद्यालय में नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों के लिए टॉडलर और एक्सप्लोरर नाम से संचालित कक्षाओं की सालाना लगभग लाखों रुपये से अधिक वसूल की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि यह फीस पटना के प्रतिष्ठित स्कूलों से भी अधिक है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है। गौरतलब है कि जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने 4 अप्रैल 2026 को निजी विद्यालयों द्वारा मनमानी वसूली की शिकायतों के बाद सख्त आदेश जारी किया था। अपने आदेश में उन्होंने एडमिशन, ड्रेस, किताब और अन्य शुल्कों के लिए स्पष्ट मानक तय करते हुए सभी स्कूलों को इसका अनुपालन करने का निर्देश दिया था। मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश स्कूलों ने इस आदेश का पालन भी शुरू कर दिया है. लेकिन डीपीएस पर इसका कोई खास असर नहीं दिख रहा है। सूत्रों के अनुसार, स्कूल द्वारा विंटर किट के नाम पर 15 से 20 हजार रुपये, समर यूनिफॉर्म के लिए लगभग 8100 रुपये, बुक किट के लिए 10 हजार रुपये और समर वेकेशन, सालाना व डेवलपमेंट फीस के नाम पर करीब 30 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं। इसके अलावा ट्यूशन फीस और अन्य शुल्क मिलाकर कुल खर्च लगभग एक लाख रुपये से अधिक यह जाने की जानकारी मिली है।

एक और चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि विद्यालय द्वारा ह्लजायजह्व फीस ऑनलाइन माध्यम से दिल्ली पब्लिक स्कूल के नाम पर ली जाती है, जबकि कथित ह्लनाजायजह्व वसूली मेसर्स विद्याविबेश इंटरप्राइजेज के नाम पर ऑफलाइन की पर्ची जाती है, जिसकी रसीद भी अलग से दी जाती है। इस व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर कई अभिभावकों ने बताया कि बच्चों के बेहतर भविष्य की उम्मीद में उन्होंने स्कूल में नामांकन तो करा लिया, लेकिन अब फीस के बोझ से परेशान हैं। उनका कहना है कि जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेश के बावजूद स्कूल प्रबंधन पुराने सिस्टम के तहत ही फीस वसूली कर रहा है। इधर, इस मुद्दे को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। भारतीय लोक चेतना पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सह प्रवक्ता राजेश कुशवाहा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा, ह्लजिलाधिकारी द्वारा जारी आदेश का अनुपालन हर हाल में सुनिश्चित होना चाहिए। डीपीएस द्वारा की जा रही नाजायज वसूली की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से ली जा रही फीस की जांच होनी चाहिए और अब तक वसूली गई अवैध राशि को अभिभावकों को वापस कराया जाए। अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या अभिभावकों को राहत मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, डीपीएस की फीस व्यवस्था को लेकर सवालों का सिलसिला जारी है। इस संबंध में दिल्ली पब्लिक स्कूल के इंचार्ज जिनका मोबाइल नंबर 7070 533893 पर जिलाधिकारी के निजी स्कूलों के लिए जारी पत्र के बारे में बात करने पर उन्होंने कहा कि फोन पर हम इस विषय में जानकारी नहीं दे सकते हैं।

# सोसाइटी के सदस्यों ने किया सामग्री का वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी छपरा इकाई ने गोदना ब्रह्मटोली के निकट नट टोली में पांच अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच तिरपाल,बर्तनों का सेट,बाल्टी तथा हाईजीन किट का वितरण किया,जिनके घरों में दिनांक 10 अप्रैल 2026 को आग लग गई थी और उनकी झोपड़ियां आग लग जाने के कारण पूरी तरह से जल कर राख हो गईं थी। जिन परिवारों के बीच सामग्रियां उपलब्ध कराई गई उनके नाम हैं, 1.पप्पू नट,2. करिश्मा देवी,3. रुकसार देवी,4.मंजूषा देवी और 5. मरजीना देवी रेड क्रॉस सोसाइटी छपरा की सचिव जीनत मसीह के अनुरोध पर प्रबंध समिति के वरीय सदस्यगण डॉ हरेंद्र कुमार सिंह,डॉ सुरेश प्रसाद सिंह और डॉ शहजाद आलम ने रिवील गंज थाना के अंतर्गत इस गांव में जाकर पीड़ित परिवारों से भेंट कर उन्हें उपरोक्त वस्तुएं उपलब्ध कराईं।

# धर्मनाथ मंदिर में हनुमान जी का रुद्राभिषेक हुआ

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। छपरा के प्रधान धर्मनाथ मंदिर परिसर में आज हनुमान जी का रुद्राभिषेक महंत अखिलेश्वर पर्वत गिरि के नेतृत्व में आचार्य चंद्रभान त्रिपाठी एवं मानिक आचार्य गणों के द्वारा संपन्न कराया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भी उपस्थित हुई अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक , लक्ष्मी नारायण गुप्ता महापौर,विनोद कुमार सिंह सारण आईटीआई, शशि प्रकाश मिश्रा मनोज बाबा अधिवक्ता ,पारसनाथ श्रीवास्तव अधिवक्ता, सुनील त्यागी, राजीव गुप्ता प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# बाबा साहेब का जन्मदिन हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता



डोरीगंज। सीमावर्ती गड़खा प्रखंड के मौजमपुर पंचायत के मौजमपुर दलित बस्ती में डाक्टर भीमराव अम्बेडकर नव ज्योति परिषद द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम आगत अतिथि मुखिया धर्मदेव राय, सरपंच जयशंकर प्रसाद यादव,बीडीसी सदस्य अधिवक्ता ओमप्रकाश राय, समिति के सदस्य सर्वजीत राम, कपिल राम, सुरेन्द्र राम, शिक्षक राजकिशोर राम, मुकेश राम शिक्षक,बबन राम,विजय राय, नंदकिशोर राय समेत दर्जनों गणमान्यों के द्वारा बाबा साहेब के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गणमान्य अतिथियों ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें कलम का जादूगर बताया। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब अपने जमाने में विषम परिस्थितियों के बाद भी अपनी उच्च शिक्षा विदेश जाकर प्राप्त किया। हमें उनके द्वारा बताए गए पदचिन्ह पर चल कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। उन्होंने समाज से विषमता दूर करने का काम किया था। इसके बाद भव्य जुलूस यात्रा मौजमपुर बाबा साहेब चौक से मुसेपुर, मौजमपुर,संठा, रामू टोला,चैनपुरवां,नरांव , धनौरा बाजार होते हुए बाबा साहेब चौक पर पहुंची। जुलूस में डीजे,डंका,घोड़ा के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष, बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग शामिल थे। जुलूस में जय भीम व बाबा साहेब अमर रहे के नारों की गूंज उठ रही थी। इस अवसर पर जीतेन्द्र कुमार राम, दिलीप राम, अमरनाथ राम, नीरज राम, सचिंद्र राय, राजेश राम, बिदुर राम, बृजकिशोर राम समेत दर्जनों गणमान्य उपस्थित थे।

# बाबासाहेब ने बौद्ध धर्म की दीक्षा लेकर सामाजिक परिवर्तन का दिया ऐतिहासिक संदेशः कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में मंगलवार को संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कुलपति प्रो. परमेन्द्र कुमार बाजपेई की अध्यक्षता में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत बाबासाहेब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए की गई। इस अवसर पर प्रो. अजीत कुमार तिवारी (अध्यक्ष, स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग), प्रो. विभुकुमार, प्रो. कमल जी (अध्यक्ष, स्नातकोत्तर भूगोल विभाग), प्रो. आशा रानी (अध्यक्ष, स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग) तथा कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रो. हरिश्चंद्र सहित कई शिक्षकों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में वक्तव्य देते हुए प्रो. विभुकुमार ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचार आज भी देश के आर्थिक और सामाजिक ढांचे की आधारशिला हैं। उन्होंने बताया कि बाबासाहेब की सोच से प्रेरित होकर ही भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि बाबासाहेब ने हमेशा जातिविहीन और समतामूलक समाज की स्थापना पर जोर दिया। प्रो. कमल ने कहा कि उनका पूरा जीवन सामाजिक समानता और न्याय की स्थापना के लिए समर्पित रहा। जबकि अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रो. बाजपेई ने कहा कि वर्ष 1956 में बाबासाहेब ने बौद्ध धर्म की दीक्षा लेकर सामाजिक परिवर्तन का ऐतिहासिक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि सत्य और संघर्ष को समझना है, तो बाबासाहेब को पढ़ना होगा। उन्होंने समाज में न्याय, समता और स्वतंत्रता के मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. हरिश्चंद्र ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. रमेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉ. विद्याधर, डॉ. विवेक, डॉ. होशियार सिंह मुंड, इंजीनियर प्रमोद कुमार सिंह तथा विवेक कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

### इंडिया लायर्स यूनियन छपरा द्वारा विधि मंडल में मनाई गई डॉ अम्बेडकर जयंती

छपरा। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की 135वी जयंती छपरा बार एसोसिएशन मे अधिवक्तागण ने ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की सारण जिला कमिटी के तत्वाधान मे मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता संतोष पाण्डेय ने किया, समारोह मे भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन किया गया, समारोह मे अधिवक्ता गोविन्द माझी, अजय सिंह, राजीव सिंह, सुनीता कुमारी, निर्मल श्रीवास्तव, मुकेश प्रसाद, सुनील प्रसाद, भटकन प्रसाद, शशि कुमार, रवि कांत सिंह, मनीष शर्मा, पवन कुमार, दिलीप तिवारी, राजेश चौहान,भोला राय, अमित गोल्ड, बसंत सिंह,मंजय कुमार,पप्पू कुमार,समापन अमरेंद्र कुमार सिंह, ने किया।

# एक दूसरे को भाजपा कार्यकर्ताओं ने खिलाई मिठाई



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर सर्किट हाउस छपरा में भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर हर्ष व्यक्त किया है इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि बिहार का विकास डबल इंजन की सरकार में और उत्साह एवं तीव्र गति से होगा कानून व्यवस्था गांव गांव तक सड़कों का जाल शिक्षा क्षेत्र में सुधार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में उठाए गए कदम बिजली स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं में और सुधार होगा। हर्ष व्यक्त करने ने वालों में मुख्य रूप से महामंत्री विवेक कुमार सिंह कोषाध्यक्ष अभय सिंह मुख्य प्रवक्ता प्रकाश रंजन नीकू अर्धेंदु शेखर कृष्णा राम राजीव सिंह सुषमा साहू अनु सिंह तारा देवी सुनीता कुमारी जितेंद्र कुशवाहा सत्रोहन चौधरी बलिराम तिवारी अनूप यादव आदि प्रमुख यह जानकारी भाजपा मुख्य प्रवक्ता प्रकाश रंजन नीकू ने दिया।

# फोरलेन पर दर्दनाक हादसाः ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

- हादसे के बाद शव करीब एक घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा, जिससे यातायात बाधित हो गया

प्रात : किरण संवाददाता



दिघवारा। छपरा-हाजीपुर फोरलेन सड़क मार्ग पर मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना अवतार नगर थाना क्षेत्र के हराजी गाँव के समीप कल्लू चौक पर हुई। मृतक की पहचान दिघवारा थाना क्षेत्र के मानूपुर गांव निवासी जय प्रकाश साह के 20 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि अंकित सुबह अपने घर से बाइक से हराजी गांव स्थित अपने दोस्त के यहां हेलमेट लेने जा रहा था। इसी दौरान कल्लू चौक के पास फोरलेन सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे रौंद दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद शव करीब एक घंटे तक सड़क पर पड़ा रहा, जिससे यातायात बाधित हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। पिता जय प्रकाश साह, मां मुन्नी देवी, भाई सोनू कुमार तथा बहनें निशा और सपना का रो-रोकर बुरा हाल था। स्थानीय लोगों ने स्थानीय प्रशासन से फोरलेन पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन से सुरक्षा व्यवस्था सख्त करने और स्पीड कंट्रोल के उपाय करने की मांग की है।

### इसुआपुर में डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई

इसुआपुर । भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की गई। साथ ही उनके जीवन एवं विचारों को अपनाने का संकल्प भी लिया गया। प्रखंड के कोने-कोने से बाबा साहेब के सम्मान में जुलूस निकाला गया। चारों ओर से सैकड़ों की संख्या में जुलूस के साथ आए लोग इसुआपुर बाजार में एकत्रित होकर 2 मीटर की लंबाई में स्थित बाजार का परिभ्रमण किया। जुलूस का नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद गीता सागर राम, राजेंद्र रोशन ,चंद्रिका राम, कपिल देव राम, सुरेंद्र राम, पप्पू राम, टिंकू राम ,सिराज अंसारी, खुर्शीद अंसारी उर्फ गुड्डू, राजेंद्र राम, नागेंद्र राम , अरुण राम, शंकर राम, सुमन राम एवं अन्य ने किया। वहीं प्रखंड के यूएमएस अचितपुर के प्रांगण में शिक्षक नेता प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश गुप्ता ने स्कूली बच्चों के साथ बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। उनके तैलचित्र पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया गया।

# पृथ्वी दिवस 2026 पर सारण से ऐतिहासिक पर्यावरण जनअभियान की शुरूआत



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। पृथ्वी दिवस 2026 के अवसर पर 15 अप्रैल से 31 मई तक बिहार में राज्यव्यापी पर्यावरण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सारण जिला अग्रिम भूमिका निभाएगा। भारत स्काउट एवं गाइड एवं EARTHDAY.ORG के सहयोग से चल रहे इस अभियान का लक्ष्य 5000 से अधिक विद्यालयों में 5 लाख प्लास्टिक वॉरियर्स तैयार करना है। ब्रांड एंबेसडर ऋतुराज ने कहा कि यह अभियान बच्चों और युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक कर उन्हें बदलाव का वाहक बनाएगा। जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया कि अभियान के तहत पौधारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, स्वच्छता जागरूकता और पर्यावरण शिक्षा जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। स्काउट-गाइड एवं इको क्लब के माध्यम से विद्यार्थी अपने विद्यालय और समाज में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। "Our Power, Our Plant" थीम पर आधारित यह पहल सारण में जनभागीदारी को बढ़ाते हुए एक सशक्त जनआंदोलन का रूप लेने की ओर अग्रसर है।

# टीबी मुक्त भारत अभियानः स्कूलों में 14 वर्ष से ऊपर के बच्चों की होगी टीबी की स्क्रिनिंग

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। सारण जिले में टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अभियान को और तेज कर दिया है। 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत अब हाई-रिस्क क्षेत्रों के साथ-साथ स्कूलों में भी 14 वर्ष से अधिक उम्र के छात्रों की टीबी स्क्रीनिंग की जाएगी। इस पहल का उद्देश्य समय रहते संभावित मरीजों की पहचान कर संक्रमण पर नियंत्रण पाना है। टीबी उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 100 दिवसीय अभियान के तहत लगातार सघन जांच और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। अब इस अभियान को और विस्तार देते हुए स्कूलों और आवासीय संस्थानों को भी शामिल किया गया है।

**सिविल सर्जन ने दिया आवश्यक दिशा-निर्देशः** सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि स्कूलों में पढ़ने वाले 14 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों की अनिवार्य रूप से टीबी स्क्रीनिंग कराई जाए। साथ ही, जिन बच्चों में टीबी के लक्षण पाए जाएं, उनकी जानकारी तत्काल स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराई जाए और उनका इलाज सुनिश्चित किया जाए। इस अभियान में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (फइरङ) की टीम भी सक्रिय रूप से सहयोग करेगी। यह टीम स्कूलों में जाकर बच्चों की जांच करेगी और आवश्यकतानुसार आगे की चिकित्सकीय प्रक्रिया सुनिश्चित करेगी।

**437 गांव हाई-रिस्क श्रेणी में शामिलः** 24 मार्च से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत जिले के 437 गांवों को हाई-रिस्क श्रेणी में चिन्हित किया गया है। इन गांवों में विशेष स्वास्थ्य कैंप लगाकर टीबी की व्यापक स्क्रीनिंग की जा रही है।टीम घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रही है। उन्हें टीबी के लक्षणों के प्रति जागरूक किया जा रहा है और जांच के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, तपेदिक (टीबी) एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है और समय पर पहचान न होने पर तेजी से फैल सकती है।

टीबी के प्रमुख लक्षणः
- लगातार 2 सप्ताह से अधिक खांसी
- खांसी में बलगम या खून आना
- लगातार बुखार रहना
- रात में पसीना आना
- वजन का तेजी से कम होना
- भूख कम लगना
- कमजोरी और थकान महसूस होना

टीबी के कारणः
- टीबी, बैक्टीरिया से संक्रमण
- संक्रमित व्यक्ति के खांसने/छींकने से फैलना
- भीड़भाड़ और बंद जगहों में रहना
- कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली
- कुपोषण और अस्वस्थ जीवनशैली

# प्रमुख स्टेशनों पर चलाया गया विशेष अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। मंडल रेल प्रबंधक श्री आशीष जैन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री शेख रहमान के नेतृत्व में वाराणसी मंडल पर चलने वाली ट्रेनों में अवैध वेंडिंग और अनधिकृत पानी की बोतल बिक्री के खिलाफ वाणिज्य निरीक्षकों की टीम द्वारा छपरा,सीवान, बलिया एवं गाजीपुर सिटी समेत प्रमुख स्टेशनों पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 14.04.2026 को विशेष अवैध वेंडिंग और अनधिकृत पानी की बोतल बिक्री विरुद्ध एवं अनाधिकृत यात्री अभियान के अन्तर्गत गाड़ी संख्या 12562 डाउन स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (बलिया से छपरा जं के मध्य )के पेंट्री कार के अंदर अनाधिकृत पानी समेत 06 व्यक्ति बिना टिकट के यात्रा करते पाए गए । पकड़े गए व्यक्तियों का पेनाल्टी के साथ टिकट बनाया गया जिसे कुल रुपए 4910 रेल राजस्व के रूप में प्राप्त हुआ।

इसके साथ ही पेंट्री कार में अनाधिकृत 70 बोतल पानी दिव्य जल ढउ्ह को जप्त कर पार्सल कार्यालय छपरा जं को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया । इसी क्रम में आज दिनांक 14.04.2026 को विशेष अवैध वेंडिंग और अनधिकृत पानी की बोतल बिक्री के विरुद्ध अभियान के अन्तर्गत गाड़ी संख्या 14006 डाउन लिच्छवी एक्सप्रेस (मऊ से सिवान जं के मध्य )के पेंट्री कार के अंदर 12 कार्टून अनाधिकृत ब्राण्ड अठवखअछ पानी पकड़ा गया । पकड़े गए पानी के कार्टूनों को सीज करके वाणिज्य अधीक्षक सिवान को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपूर्द किया गया । इसी क्रम में आज दिनांक 14.04.2026 को विशेष अवैध वेंडिंग और अनधिकृत पानी की बोतल बिक्री के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत गाजीपुर सिटी रेलवे स्टेशन पर 03 अनाधिकृत वेण्डरों को पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर,कोल्डड्रिंक एवं आइसक्रीम बेचते पकड़ा गया और बिक्री की जा रही सामग्रियों समेत रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट,गाजीपुर सिटी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपूर्द किया गया ।

# डीएम ने भारत रत्न डॉ॰ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर किया माल्यार्पण

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल। भारत रत्न डॉ॰ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर बाबासाहेब डॉ॰ भीमराव अंबेडकर संग्रहालय-सह वाचनालय भवन में अत्यंत गरिमामय एवं भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह अवसर न केवल बाबा साहेब के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का था, बल्कि उनके आदर्शों, सिद्धांतों एवं विचारों को आत्मसात करने का भी एक महत्वपूर्ण मंच बना। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी अरवल अमृषा बैंस द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बाबासाहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष, समर्पण एवं सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए निरंतर प्रयासों का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए जो योगदान दिया, वह भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। उन्होंने आगे कहा कि उनके "शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो" के मूलमंत्र को अपनाकर ही एक सशक्त एवं समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी श्री संजीव कुमार, ओएसडी श्री ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य सम्मानित पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह में उपस्थित वक्ताओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन, उनके संघर्षों, शिक्षा के प्रति उनके आग्रह एवं सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध उनके आंदोलन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।

यह भी उल्लेख किया गया कि उन्होंने समाज में व्याप्त भेदभाव एवं असमानता के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई और एक समतामूलक समाज की नींव रखी।

इस अवसर पर यह भी आह्वान किया गया कि शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग तक ज्ञान एवं जागरूकता का प्रसार किया जाए, ताकि एक सशक्त, जागरूक एवं समावेशी समाज का निर्माण हो सके। कार्यक्रम का समापन बाबा साहेब के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया।

# हम सेक्युलर पार्टी द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) की गया जिला इकाई द्वारा सुरहरी मोड़, भुसंडा स्थित पार्टी कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई है।

यह आयोजन भारतीय संविधान के महान शिल्पकार तथा सामाजिक न्याय एवं समता के प्रखर प्रतीक बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के विचारों और आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। यह दिवस केवल एक जयंती नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, समान अधिकार एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इस अवसर पर पार्टी के सभी सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गया जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी ने कहा कि हमें डॉ. अंबेडकर जी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर पार्टी को सशक्त एवं मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से जाति-पाति से ऊपर उठकर सभी नागरिकों को समान अधिकार प्रदान किए हैं।

पार्टी के जिला प्रवक्ता दिवाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमें बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना है तथा उनके सिद्धांतों और विचारों को जन-जन तक पहुँचाकर लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना है।

आगामी 19 अप्रैल 2026 को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन तथा पार्टी संरक्षक जीतन राम मांझी के दिशा-निर्देश में कृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती का भव्य आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में, समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को भव्य, सफल एवं ऐतिहासिक बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। अंत में, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे—जिला अध्यक्ष नारायण प्रसाद मांझी, जिला प्रवक्ता दिवाकर सिंह, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद यादव, प्रदेश सचिव छोटू कुशवाहा, सुषमा डांगी, जिला कार्यालय प्रभारी राजेश मांझी, सदानंद प्रेमी, जिला सचिव राकेश कुमार, ललिता देवी, जोगिंदर मांझी, राजेश मांझी, धर्मेंद्र मांझी, जयप्रकाश जी, अजय रविदास, विजय कुमार तूरी, जयशंकर प्रकाश तथा योगेंद्र भारती।

## संक्षिप्त खबरें

### गया में पत्रकारों पर जानलेवा हमले के खिलाफ फूटा आक्रोश उग्र आंदोलन की चेतावनी

गया। जिले में हाल ही में तीन पत्रकारों पर हुए जानलेवा हमले के बाद स्थानीय बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस कायराना घटना की कड़ी निंदा करते हुए विशाल प्राइवेट आईटीआई, बोधगया के ट्रस्टी एवं प्रतिष्ठित युवा पत्रकार आकाश प्रियदर्शी ने दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी की मांग की है। प्रसिद्ध समाजसेवी स्वर्गीय बादल सिन्हा के पुत्र आकाश प्रियदर्शी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पत्रकारों पर हमला सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को कुचलने का प्रयास है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला पुलिस प्रशासन को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मामले में संलिप्त अपराधियों को जल्द सलाखों के पीछे नहीं भेजा गया, तो जिले के समस्त पत्रकार एकजुट होकर उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रियदर्शी ने प्रशासन से मांग की है कि हमलावरों को ऐसी कड़ी सजा दिलाई जाए जो भविष्य में मिसाल बने, ताकि लोकतंत्र की रक्षा करने वाले पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और ऐसी हिंसक घटनाओं की पुनरावृत्ति दोबारा न हो।

### विश्व शांति सम्मेलन में शांति निकेतन के निदेशक को सम्मानित किया गया

गया जी। गया शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में पीस एसोशिएशन आफ इंडिया के बेनर तले आयोजित विश्व शांति सम्मेलन में गया शहर के सुप्रसिद्ध समाजिक व्यक्ति सह शांति निकेतन एकेडमी के निदेशक के चेयरमैन हरि प्रपन्ना उर्फ पप्पू जी को सम्मानित किया गया है।

### सांसद चतरा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया

गया जी। चतरा शहर में आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा जतरीहबाग से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस तक निकाली गई है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों शामिल हुए हैं। इस अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के माननीय सांसद श्री कालीचरण सिंह जी स्वयं पदयात्रा में शामिल हुए और जन-जन तक महिला सशक्तिकरण का संदेश पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक, महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना ही सशक्त भारत के निर्माण की आधारशिला है।

### भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सांसद ने माल्यार्पण

गया जी।भारतीय संविधान के शिल्पकार एवं सामाजिक न्याय के महान प्रणेता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह ने मंगलवार को चतरा शहर स्थित पोस्ट ऑफिस समीप स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### भारत को सशक्त बनाने में बाबा साहेब का योगदान भुलाया नही जा सकता:भास्कर कुमार

अरवल। सदर प्रखंड के ग्राम सरौती के रविदास टोला पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड सदस्य रीता कुमारी एवं संचालन संजय पासवान ने किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री भास्कर कुमार पूर्व उप प्रमुख अरवल सह भाजपा नेता ने बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित एवम् जय भीम के जयघोष कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस अवसर पर दलित महादलित के बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री कलम एवं कॉपी का वितरण किया गया। भास्कर कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती मनाने के लिए हम सब इकठ्ठा हुए हैं ।

# एसएमएसजी कॉलेज में अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण, पीजी पढ़ाई की उठी मांग

प्रात: किरण संवाददाता

शेरघाटी। एसएमएसजी कॉलेज परिसर मंगलवार को एक ऐतिहासिक और भावनात्मक क्षण का साक्षी बना, जब भारत के संविधान निमार्ता भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया गया। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही और पूर्व मंत्री विनोद प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से प्रतिमा का उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं द्वारा स्वागत गीत से हुई, जिसमें अंबेडकर के योगदान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिनेश प्रसाद सिन्हा ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण पल बताते हुए कॉलेज में स्नातकोत्तर (पीजी) पढ़ाई शुरू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. शाही ने कहा कि अंबेडकर ने देश को ऐसा संविधान दिया, जिसने लोकतंत्र की मजबूत नींव रखी। उन्होंने कहा कि संविधान के बिना प्रजातंत्र की कल्पना संभव नहीं थी। साथ ही कॉलेज में पीजी और विभिन्न वोकेशनल कोर्स शुरू करने की दिशा में विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रयास जारी रहने की बात कही।

कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मोबाइल के माध्यम से संबोधित किया। उन्होंने संविधान को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि यह सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। शिक्षा को ह्लशेरनी का दूधह्व बताते हुए उन्होंने इसके महत्व पर जोर दिया।

# इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया और महाबोध फाउंडेशन का शैक्षणिक भ्रमण सम्पन



प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया और महाबोध फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महाबोध फाउंडेशन की बच्चियों के साथ 12 अप्रैल 2026 को एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में श्री कृष्ण साइंस सेंटर, पटना साहिब गुरुद्वारा और गंगा घाट का भ्रमण किया गया है।

इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ. वीणा पाठक, आईपीपी पूनम गुप्ता पीपी, वीणा सिन्हा, सुषमा प्रसाद रीमा देवी एवं प्रेम शीला उपस्थित रहीं हैं। श्री कृष्ण साइंस सेंटर मे : बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडलों और प्रदर्शनों के माध्यम से बहुत सारी नई जानकारी प्राप्त की।

यह भ्रमण अत्यंत ज्ञानवर्धक रहा। पटना साहिब गुरुद्वाराः यहाँ सभी ने दर्शन किए और सामूहिक रूप से लंगर ग्रहण किया है। सेवा और समानता का संदेश बच्चों के लिए प्रेरणादायक रहा हू। बाद मे सभी सदस्यों और बच्चों ने गंगा घाट पर समय बिताया और प्रक्रितक सौंदर्य का आनंद लिया है !

# आर्म्स एक्ट मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार एक पिस्टल व कारतूस भी हुआ बरामद

प्रात: किरण संवाददाता



शेरघाटी।गया पुलिस ने आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में अवैध हथियार रखने वालों और तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 11 जून 2024 को शेरघाटी थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ अज्ञात व्यक्ति अवैध हथियार के साथ बस स्टैंड के पास किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से खदेड़कर पकड़ लिया गया।तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देशी पिस्टल और 6 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में शेरघाटी थाना कांड संख्या 550/24, दिनांक 11.06.2024 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

घटना के बाद से ही इस मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था।इसी क्रम में पुलिस ने फरार आरोपी प्रवेश यादव को गिरफ्तार कर लिया। वह वीरेंद्र यादव का पुत्र है और झारखंड के चतरा जिले के कोसडिया गांव का निवासी बताया जाता है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापेमारी जारी है।पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध हथियार रखने वालों और इससे जुड़े आपराधिक तत्वों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

# जगजीवन महाविद्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी। डॉ. आंबेडकर विकास पुरुष हैं।उनकी दृष्टि इतनी व्यापक एवं पैनी थी कि समाज के वंचित तबकों के साथ आम जन के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए जो कुछ किया, वह अमिट है। सिर्फ यही नहीं, समानता, स्वतंत्रता, भ्रातृत्व की मूल संकल्पना को साकार करने में उन्होंने अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। समाज के सभी वर्गों के संतुलित विकास के लिए उन्होंने संविधान का निर्माण किया है। उक्त बातें भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने की है। महाविद्यालय के डॉ. फागुनी राम सभागार में ह्यडॉ. आंबेडकर और हमारा समाज विषय पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी में बोलते हुए हिंदी विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. संगीता कुमारी ने कहा कि बाबा साहब के कार्यों को देखते हुए उन्हें दो श्रेणियों में विभक्त किया जा सकता है। उनका पहला दौर 1936 तक है जिसमें उन्होंने कुओं से पानी लेने, मंदिरों में प्रवेश को लेकर आंदोलन चलाए। यह वही दौर था जब डॉ. आंबेडकर ने समाज में व्याप्त अस्पृश्यता को करीब से महसूस किया। अपने दूसरे दौर में उन्होंने यह स्वीकार किया कि हिंदू धर्म में रहकर काम करना मुश्किल है। इसलिए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जन्म पर तो मेरा कोई अख्तियार नहीं था, लेकिन, मृत्यु मुझे मेरी अपने पसंद के धर्म में मिले, इससे बड़ी बात क्या होगी।इसलिए बाबा साहब ने बौद्ध धर्म स्वीकार कर लिया है। आज के इस आयोजन में डॉ. हिमांशु कुमार सुधांशु, डॉ. मनीष कुमार सिंह, डॉ. रश्मि कुमारी, श्री रवि रंजन, डॉ. राजीव रंजन ने अपने सारगर्भित वक्तव्य से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने किया है। इस अवसर पर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में श्री सुमित कुमार सिंह, नीतीश कुमार, के अलावे नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, दूसरी कक्षा की छात्रा पार्थवी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# भीम राव अम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलने एवं सामाजिक समरसता, समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प: डॉ मनीष

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी। भारत रत्न से सम्मानित पूर्व कानून मंत्री बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर किसान मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा उनके प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा बाबा साहेब अमर रहें, अमर रहें के नारों के साथ उनके महान योगदान को स्मरण किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा उनके बताए मार्ग पर चलने और सामाजिक समरसता तथा समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।

इस कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने ज्ञान, संघर्ष और दूरदर्शिता से देश को नई दिशा दी है। वे भारत के संविधान निमार्ता के रूप में जाने जाते हैं और उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष के रूप में देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है । उन्होंने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचित और शोषित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। उनका मानना था कि शिक्षा, संगठन और संघर्ष के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। बाबा साहेब अंबेडकर केवल एक महान विधिवेत्ता और संविधान निमार्ता ही नहीं थे, बल्कि वे एक महान समाज सुधारक, चिंतक और राष्ट्रनिमार्ता भी थे। उन्होंने अपने विचारों और कार्यों के माध्यम से समाज में समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के सिद्धांतों को मजबूत किया है। भारत को एक लोकतांत्रिक और समतामूलक राष्ट्र बनाने में उनका योगदान सदैव अमूल्य रहेगा। उनके द्वारा निर्मित संविधान आज भी देश के करोड़ों लोगों के अधिकारों और कर्तव्यों का मार्गदर्शन करता है।इस अवसर पर वक्ताओं ने यह भी कहा कि भारत सरकार और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी ने बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों और उनके योगदान को सम्मान देते हुए उनसे जुड़े पांच महत्वपूर्ण स्थलों को ह्लपंच तीर्थह्व के रूप में विकसित करने का कार्य किया है। इन स्थलों को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित किया गया है, जिससे देशभर के लोग बाबा साहेब के जीवन और उनके संघर्षों से प्रेरणा प्राप्त कर सकें।इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कहा कि आज बाबा साहेब भले ही हमारे बीच भौतिक रूप से उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, सिद्धांत और आदर्श आज भी समाज में जीवित हैं आज के श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में बीजेपी प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर गोपाल प्रसाद यादव एस राजेश आनंद आदि थे।

# हावड़ा-गया एक्सप्रेस में आधुनिक लोकोमोटिव की हुई तैनाती

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी। भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा और यात्रा की गति को बढ़ाने के उद्देश्य से हावड़ा-गया-हावड़ा एक्सप्रेस में अत्याधुनिक डब्ल्यू ए पी -7 लोकोमोटिव को शामिल किया है। यह कदम भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण अभियान का हिस्सा माना जा रहा है।यह लोकोमोटिव इंजन अपनी उच्च गति, बेहतर ऊर्जा दक्षता और भारी ट्रेनों को खींचने की क्षमता के लिए जाना जाता है। इस इंजन के उपयोग से ट्रेन की समयपालन क्षमता में सुधार होने की उम्मीद है जिससे यात्रियों को अधिक विश्वसनीय सेवा मिल सकेगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार इस बदलाव से न केवल यात्रा का समय कम होगा बल्कि संचालन भी अधिक सुगम और सुरक्षित बनेगा।

यात्रियों को मिलेगा बेहतर अनुभव और सुविधाएंहावड़ा-गया एक्सप्रेस में नए लोकोमोटिव के जुड़ने से यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुचारु यात्रा का अनुभव मिलेगा।इस इंजन की खासियत है कि यह कम शोर करता है और झटकों को कम करता है जिससे लंबी दूरी की यात्रा भी सहज बनती है। साथ ही यह पर्यावरण के अनुकूल तकनीक पर आधारित है जिससे प्रदूषण में कमी आती है। रेलवे विभाग का कहना है कि भविष्य में अन्य प्रमुख ट्रेनों में भी इसी तरह के आधुनिक लोकोमोटिव लगाए जाएंगे।

# जदयू कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती समारोह मनाया गया

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी बिसार तलाब स्थित जदयू जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा के अध्यक्षता में भारत के संविधान निमार्ता, महान समाज सुधारक, विचारक, सामाजिक न्याय के पुरोधा, भारत रत्न बाबा साहब डॉ॰ भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती समारोह मनाया गया है।इस अवसर पर उनके तैलीय चित्र पर प्रदेश मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा, जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल सहित सभी नेताओं ने उनके तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया है।चंदन कुमार सिंह ने कहा की डॉ॰ अंबेडकर ने भारतीय संविधान के माध्यम से सामाजिक न्याय, समानता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त आधार प्रदान किया है। उनके आदर्श एवं विचार हमें एक समावेशी और सशक्त राष्ट्र के निर्माण हेतु निरंतर प्रेरित करते रहेंगे। उनका संपूर्ण जीवन समस्त भारतवासियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

जिला अध्यक्ष अजय कुशवाहा ने कहा की मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबा साहेब के विचारों से प्रभावित हैं, उन्हीं के नक्शे कदम पर चलते हुए भेद भाव मिटाकर लगातार दलित, महिला, अतिपिछड़ों के लिए कई योजनाएं बनाई जैसे अंबेडकर विद्यालय, छात्रावास सहित कई योजनाएं लागू किए हैं।

## पूरे अप्रैल माह में हर सोमवार-शुक्रवार को विशेष शिविर बिजली शिकायतों का 72 घंटे में समाधान

- बिल सुधार, नया कनेक्शन, कम वोल्टेज, झुके पोल, ढीले तार, ट्रांसफार्मर खराबी और स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी समस्याओं का होगा त्वरित निस्तारण
- राज्य के सभी विद्युत अभियंता के कार्यालय में हो रहा विशेष शिविर का आयोजन

गयाजी। ऊर्जा विभाग ने विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विशेष पहल शुरू की है। इसके तहत पूरे अप्रैल महीने में प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यहां दर्ज की गई शिकायतों का 72 घंटे के भीतर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।इन शिविरों का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनकी बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित और सरल समाधान उपलब्ध कराना है। शिविरों में बिजली बिल से संबंधित त्रुटियों का सुधार, विद्युत आपूर्ति में आ रही तकनीकी समस्याओं और अन्य शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया जाएगा।विशेष शिविर में उपभोक्ताओं की जिन प्रमुख समस्याओं का समाधान किया जाएगा, उनमें बिजली बिल सुधार, झुके हुए पोल या ढीले तार, कम वोल्टेज, खराब ट्रांसफार्मर, नए बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन, नाम परिवर्तन, स्मार्ट प्रीपेड मीटर से जुड़ी शिकायतें, कृषि कनेक्शन हेतु आवेदन तथा पीएम सूर्यघर योजना से संबंधित जानकारी शामिल हैं।इसके अतिरिक्त, उपभोक्ता शिविर में अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान भी सुविधाजनक तरीके से कर सकेंगे तथा आवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।इन शिविरों का आयोजन सभी विद्युत अभियंता कार्यालयों में सोमवार एवं शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक किया जाएगा। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी समस्या से संबंधित आवश्यक दस्तावेज लेकर शिविर में आएं, ताकि उनकी शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित किया जा सके।अधिक जानकारी के लिए उपभोक्ता अपने नजदीकी विद्युत कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं।

## सम्राट चौधरी के विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई:आनंद

अरवल। बिहार भाजपा पंचायतीराज प्रकोष्ठ के सह संयोजक व पूर्व जिला पार्षद आनंद कुमार चंद्रवंशी ने सम्राट चौधरी के विधायक दल के नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण के रूप में सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुने जाने पर हृदय से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह निर्णय न केवल उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन क्षमता और जनसेवा के प्रति समर्पण का सम्मान है, बल्कि बिहार के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम भी है।

# बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे: नैना

- बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की स्थापना के लिए समर्पित किए: शितल प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



गया जी।आज जिला परिषद सभागार में स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष नैना कुमारी एवं उपाध्यक्ष शितल प्रसाद यादव ने श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया है। इस मोकै पर नैना कुमारी ने कहा कि जिले के समस्त वासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ। बाबा साहेब का जीवन हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को न्याय दिलाने के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया है।हम सभी का कर्तव्य है कि उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाएँ और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए एकजुट होकर कार्य करें। शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाकर हम अपने समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं।

आइए, इस अवसर पर हम संकल्प लें कि बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलकर एक समतामूलक, न्यायपूर्ण और विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

वही जिला परिषद उपाध्यक्ष शितल यादव ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन समाज में समानता, न्याय और भाईचारे की स्थापना के लिए समर्पित किए। उनके विचार और आदर्श आज भी हमें सही दिशा दिखाते हैं।

इस अवसर पर उपस्थित सभी साथियों के साथ मिलकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है। बाबा साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और देश को एक मजबूत संविधान दिया है। हम सभी मिलकर उनके सपनों का भारत बनाने का प्रयास करें, जहाँ हर व्यक्ति को समान अधिकार और सम्मान मिले। बाबा साहब को शत-शत नमन।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य एवं जिला परिषद अध्यक्ष पति सरदार जी भी उपिस्थति थे।

# जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति व्यवस्था सामान्य

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। जिले में एलपीजी गैस की पर्याप्त उपलब्धता, आपूर्ति व्यवस्था सामान्य- जिला पदाधिकारी, अरवल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक वस्तुओं की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सतत अनुश्रवण एवं निरीक्षण किया जा रहा है।इसी क्रम में यह सूचित किया जाता है कि अरवल जिले में एलपीजी गैस की उपलब्धता पूर्णतः सामान्य है।

दिनांक 14 अप्रैल, 2026 की स्थिति के अनुसार जिले में कुल 2 745 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। साथ ही अरवल जिले के पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। वर्तमान स्थिति के अनुसार पेट्रोल की उपलब्धता 125.12 किलोलीटर तथा डीजल की उपलब्धता 234.24 किलोलीटर है, जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जिले के सभी 14 गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलिंडर उपलब्ध हैं। आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष (ङ्कल्ल३१ङ्क' १ङ्कङ्के) की स्थापना की गई है, जो 24.7 संचालित है। उपभोक्ता निम्नलिखित दूरभाष संख्याओं पर संपर्क कर अपनी शिकायत/सुझाव दर्ज करा सकते हैं- 06337-228994, 06337-229494, 8235230817

जिला प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि एलपीजी गैस की बुकिंग प्राप्त होने के उपरांत गैस एजेंसियों द्वारा उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से उनके घर तक गैस सिलिंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत की जनगणना 2027 प्रशिक्षण के दूसरे दिन तैंतीस प्रश्नों पर हुई चर्चा

औरंगाबाद। जिले के बारुण प्रखंड के केशव सिंह उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में भारत की जनगणना 2027 कार्यक्रम के निमित्त मकान सूचीकरण एवं मकान की गणना के प्रथम चरण के प्रशिक्षण के द्वितीय दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम बारुण प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार जी के निर्देश पर प्रशिक्षण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया।प्रशिक्षक के रूप में ज्योति शंकर,योगेंद्र दुबे,हेमंत कुमार निराला,शशि भूषण लाल,अमित कुमार सिंहा, गुड्डू कुमार ने प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण के क्रम में बताया कि एच एल ओ ट्रेनिंग ऐप को किस प्रकार से डाउनलोड करना है और डाउनलोड के पश्चात उससे 33 प्रकार के जो प्रश्न पूछे जाएंगे उन्हें किस प्रकार से मकान के मुखिया से पूछताछ करना है।साथ ही साथ मकान का सूचीकरण, नजरी नक्शा बनाना आदि बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रखंड में चार चरणों में चलेगा जो 24 अप्रैल को समाप्त होगी। आज के प्रशिक्षण में विजेंद्र कुमार,शुभम कुमार,अक्षयलाल गुप्ता,अख्तर खान, तकीउद्दीन अहमद,राजा दिलीप,प्रशांत प्रियदर्शी,प्रमोद कुमार,योगेंद्र पुष्पम,भृगुनाथ प्रसाद,संजय कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### बाबा साहेब की जयंती आयोजित

गोह (औरंगाबाद)। भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निदेर्शानुसार भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती (समानता दिवस) पर जिले के गोह प्रखण्ड के उपहारा मंडल के ग्राम हमीदनगर में भाजपा कार्यकताओं के साथ उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री बृज किशोर पाल, सत्येन्द्र शर्मा, बूथ अध्यक्ष योगेन्द्र भगत, संतोष खत्री, नीतीश कुमार, लखन पासवान, राजाराम पासवान सहित दर्जनों साथी उपस्थित रहे। वही दूसरी ओर दनवार, महेश परासी, मीरपुर, गौतम बुद्ध भवन गोह सहित कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### मानवता का धर्म निभाता इनर व्हील क्लब ऑफ गया,प्रेक्षण गृह में वाटर कूलर से बच्चों को मिली बड़ी राहत

गया। सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ गया ने प्रेक्षण गृह (रिमांड होम), गया में वाटर कूलर स्थापित किया। यह कार्य क्लब की अध्यक्षा पी ए एस दुर्वा सहाय के नेतृत्व में संपन्न हुआ है।इस पहल का उद्देश्य प्रेक्षण गृह में रह रहे बच्चों,निवासियों को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराना है, विशेषकर बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए। इस व्यवस्था से वहां के निवासियों को काफी राहत मिलेगी और उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में सहायता होगी।इस अवसर पर अध्यक्षा पी ए एसदुर्वा सहाय ने कहा कि क्लब पूर्व में भी रिमांड होम की जरूरतों को समझते हुए कई तरह के सेवा कार्य कर चुका है जैसे एलाईडी डोनेशन, वृक्षारोपण। क्लब सदैव समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी ऐसे सेवा कार्य जारी रहेंगे।इस कार्यक्रम में अध्यक्षा पी ए एस दूर्वा सहाय, सचिव मंजू सिन्हा, पी पी उषा राज, पीपी सीमा भदानी एवं अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं, जिन्होंने इस पहल की सराहना की और समाज सेवा के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई है।यह सूचना क्लब एडिटर शीतल गुप्ता द्वारा दी गई है।

### एनडीए विधान मंडल दल के नेता सम्राट चौधरी के बनने पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

गया जी।बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार ने सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के विधान मंडल दल का नेता चुने जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी जी को एनडीए के विधान मंडल दल के नेता के रूप में नई जिम्मेदारी मिलने से बिहार में नए राजनीतिक युग की शुरूआत हुई है। यह निर्णय उनके दीर्घ राजनीतिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता एवं जनसेवा के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि वो अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे तथा बिहार को प्रगति, समृद्धि और सामाजिक न्याय के पथ पर अग्रसर करेंगे। वे अपनी कर्मठता, नेतृत्व कौशल एवं प्रशासनिक सूझ बूझ से बिहार के विकास को नई दिशा देंगे।

# एसआई मनु कुमार की मौत पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**मनु कुमार लोगों के बीच काफी लोकप्रिय थे: थानाध्यक्ष**

प्रात: किरण संवाददाता



करपी। बीते दिन शहर तेलपा थाना में पदस्थापित एस आई मनु कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद सर तेलपा बाजार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहर तेलपा से अरवल जिला मुख्यालय जाने के क्रम में बैदराबाद बाजार से पहले सुखी बीघा गांव के पास एस आई मनु कुमार की सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मौत हो गई थी। उनके आकस्मिक मृत्यु के बाद पूरा क्षेत्र शौक के माहौल में डूबा हुआ है। उनकी ही याद में शहर तेलपा बाजार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ो लोगों के द्वारा सर्वप्रथम एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि सभा को आरंभ किया गया।उसके बाद कार्यक्रम में उपस्थित शहर तेलपा थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार एस आई गुड्डू कुमार ,राजीव कुमार संजय कुमार सहित उपस्थित सभी सामाजिक कार्यकताओं ने बारी-बारी से उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए शहर तेलपा थाना अध्यक्ष कन्हैया कुमार ने कहा कि मनु कुमार बहुत कम दिन में ही लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हो गए थे। साथ ही विभागीय कार्य में भी काफी उनकी अभिरुचि थी।

उनके घटना से हम सारे लोग काफी मर्माहत है। थाना अध्यक्ष ने कहा कि जब मनु कुमार के पार्थिव शरीर को लेकर जब उनके घर गया तो उनके घरेलू स्थिति देखकर हमें ऐसा लगा कि मनु कुमार कीचड़ से कमल की तरह उभरे थे। मैं उनके लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनके आत्मा की शांति दे तथा परिवार को एक शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा को पूर्व जिला परिषद सदस्य आनंद चंद्रवंशी मदेश्वर राम शहर तेलपा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुरंजन यादव पंचायत समिति सदस्य कैश मेहंदी जदयू जिला अध्यक्ष आनंद कुमार माले प्रखंड सचिव मिथिलेश यादव बेलखारा पंचायत के मुखिया सूरजमल प्रसाद सामाजिक कार्यकर्ता रणविजय कुमार भाजपा युवा नेता जय साहू मुकुल कुमार सहित कई लोगों ने शोक सभा को संबोधित किया। सभा का समापन मुकुल कुमार ने किया। कार्यक्रम की समाप्ति के बाद उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर से मनु कुमार अमर रहे का नारा दिया।

# इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई

प्रात: किरण संवाददाता



गयाः आज बुद्धा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एजुकेशन एएनएम ट्रेनिंग स्कूल गया में भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई है। इस अवसर पर संस्थान के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया है।

इस कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान की सचिव रेखा सिह एवं प्रबंध निदेशक प्रियरंजन सिंह राजपूत द्वारा डॉ. अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इसके पश्चात उन्होंने डॉ. अंबेडकर के जीवन, उनके संघर्षों, सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला है।

अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचार आज भी समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में मार्गदर्शक हैं। उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के महत्व को समझने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया है।

इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्या, उप-प्राचार्या, समस्त शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहीं हैं। सभी ने बारी-बारी से डॉ. अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है। इस कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया गया है।

# विधायक दल के नेता चुने जाने पर पूर्व सांसद ने दी सम्राट चौधरी को बधाई

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर सम्राट चौधरी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। पूर्व सांसद ने कहा कि आपके नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त होगा तथा जनसेवा के नए आयाम स्थापित होंगे।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में बिहार को विकास,सुशासन और समृद्धि के नए आयामों तक ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे।निवर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लगभग 20 वर्षो तक बिहार का नेतृत्व करते हुए उन्होंने विकास,सुशाशन और स्थिरता की मजबूत नींव रखी।सड़को,शिक्षा स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था में जो बदलाव आए वह उनके दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है।बिहार के विकास के शिल्पकार के रूप में उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।आपका यह सफर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बना रहेगा।भाजपा वरीय नेता सुनील सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी,पूर्व जिलाध्यक्ष अवध किशोर प्रसाद सिंह,पुरषोत्तम सिंह,मनोज शर्मा,देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक,पूर्व सांसद प्रतिनिधि अश्विनी सिंह,सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता आदित्य शेखर,युवा भाजपा नेता प्रवीर सिंह,शुभेंदु शेखर सिंह,ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री जुलेखा खातून,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह,अनिल सिंह,जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह,अनिता सिंह,जिला परिषद सदस्य रामेश्वर बैठा,भाजपा नेता आलोक सिंह,जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र सिंह,नलिनी रंजन,प्रफुल्ल सिंह,बिनोद सिंह,राजेश सिंह,अमरीश सिंह,भाजपा नेता विनय शर्मा,रविन्द्र शर्मा,राकेश कुमार देवता,भाजपा नेता मुनीन्द्र राम,अधिवक्ता जितेन्द्र कुमार उर्फ राजू,प्रवीण गुप्ता,सुरेन्द्र गुप्ता,भरत सिंह,उदय सिंह,विनय सिंह,अंजली सिंह,सारिका शेखर,गुड़िया सिंह,उषा सिंह,सुमन अग्रवाल,सोनम सिंह,सुबोध सिंह,एवं एनडीए कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की सरकार जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी

प्रात: किरण संवाददाता




गया जी। गया जी में भारतीय जनता पार्टी, गया विधानसभा की एक महत्वपूर्ण बैठक विधानसभा कार्यालय, पितामहेश्वर में संपन्न हुई है। इस बैठक का वातावरण उत्साहपूर्ण एवं संगठनात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा, जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे हैं।इस बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बिहार में भारतीय जनता पार्टी के पहले मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी ज के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है। इसके साथ ही बिहार की समस्त जनता को भी इस ऐतिहासिक अवसर पर शुभकामनाएं प्रेषित की गईं हैं।

वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए की सरकार जनसमस्याओं के समाधान हेतु प्रतिबद्ध होकर कार्य करेगी तथा बिहार के सर्वांगीण विकास को नई गति प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार नीतीश मॉडल को प्रभावी रूप से लागू करते हुए विकास के नए आयाम स्थापित करेगी और बिहार को प्रगति के उच्च शिखरों तक पहुंचाएगी।

इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास कुमार, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजनंदन प्रसाद गांधी, मंडल अध्यक्ष धानंजय कुमार धीरू, मनीष कुमार सोनू, हरि यादव, राजेश मस्तान, गुंजन मिश्रा, सूरज राणा, सिंधु भूषण ओझा, किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभू यादव, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष रौनक सेठ, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष कृष्णा साहू, जितेंद्र कुमार, मोहन शर्मा, टिंकू गोस्वामी, गाजो बाबा, दीनानाथ चंद्रवंशी, अरविंद कुमार, गोपाल चंद्रवंशी, गौतम कुमार, विनोद पासवान, सरजू रजक, संजय रविदास, सुधीर कुमार सिन्हा सहित अनेक प्रमुख कार्यकताओं ने अपने विचार व्यक्त किए हैं।

इस बैठक का समापन संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने के संकल्प के साथ किया है

### सैमसंग के और गैलेक्सी डिवाइसेस पर मिलेगा वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम

सैमसंग अपने वन यूआई 8.5 बीटा प्रोग्राम का विस्तार और अधिक गैलेक्सी डिवाइसों तक कर रहा है। मार्च में वन यूआई 8.5 बीटा के विस्तार के बाद, अब यह प्रोग्राम गैलेक्सी र23 सीरीज, गैलेक्सी फोल्ड5, गैलेक्सी फ्लिप5, गैलेक्सी र23 ऋ्र और पहली बार ए-सीरीज के गैलेक्सी अ36 5ऋसहित अन्य डिवाइसेस के लिए जारी किया जा रहा है। यह बीटा प्रोग्राम भारत, कोरिया, यूके और अमेरिका जैसे चुनिंदा बाजारों में चरणबद्ध तरीके से उपलब्ध होगा। एंड्रॉइड के साथ अपने निरंतर सहयोग को आगे बढ़ाते हुए, सैमसंग वन यूआई 8.5 बीटा पर क्विक शेयर के माध्यम से एयरड्रॉप के लिए सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे गैलेक्सी र25 सीरीज, गैलेक्सी र24 सीरीज, गैलेक्सी फोल्ड7, गैलेक्सी फ्लिप7, गैलेक्सी फोल्ड6 और गैलेक्सी फ्लिप6 जैसे चुनिंदा डिवाइसेस के उपयोगकताओं के लिए क्रॉस-प्लेटफॉर्म फाइल शेयरिंग अधिक सुगम हो जाएगी। बीटा प्रोग्राम का विस्तार इस महीने के अंत में अन्य गैलेक्सी डिवाइसेस तक भी जारी रहेगा और इच्छुक उपयोगकर्ता सैमसंग मेंबर्स ऐप के माध्यम से इसके लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# औरंगाबाद के रामाबांध में 18 अप्रैल से रुद्र महायज्ञ

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के रामाबांध स्थित वार्ड नंबर 4 में शिव पुराण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ का आयोजन 18 अप्रैल से 24 अप्रैल के बीच किया जाएगा।इस संबंध में जानकारी देते हुए आयोजन समिति से जुड़े हुए समाजसेवी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल को भक्तिमय वातावरण में जलभरी का आयोजन किया गया है। जलभरी के पश्चाउ पंचांग पूजन,मंडपप्रवेश किया जाएगा साथ ही साथ अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथावाचक श्याम दास जी महाराज के मुखारविंद से भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। 19 अप्रैल को बेदी पूजन अरणीमंथन एवं हवन का शुभारंभ किया जाएगा।23 अप्रैल को भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा एवं महाआरती का आयोजन किया गया है। वही 24 अप्रैलको सार्वजनिक हवन यज्ञ पूणार्हुति टोली की विदाई एवं महा भंडारा का आयोजन किया गया है।तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए मनोज कुमार सिंह ने बताया कि जब किसी स्थल पर यज्ञ का आयोजन किया जाता है तो वह स्थल होकर देवस्थल के रूप में जागृत होकर परिणत जाता है।भागवत कथा वाचक श्याम दास जी महाराज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित कथावाचक रूप में जाने जाते हैं।

### अंबेडकर वैश्विक प्रणेता एवं मानवता के संदेशवाहक

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के तत्वावधान में संत मरियम मिशन स्कूल जम्होर के प्रांगण में महान स्वतंत्रता सेनानी,भारत माता के अमर सपूत डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वीं जयंती समारोह समानता दिवस के रूप में मनाई गई।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत जम्होर के मुखिया प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर जी पहले ऐसे वैश्विक प्रणेता थे जिन्होंने वैश्विक मानवता का संदेश देकर पूरी दुनिया में शांति का मार्ग प्रशस्त करने का कार्य किया था।जम्होर विकास मंच के सचिव राणा सुनील सिंह डायरेक्टर सतीश कुमार सिंह, अमृता शर्मा,खुश्बू सिंह, शिवानी पाण्डेय ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अंबेडकर जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।आजादी के बाद प्रथम मंत्रिमंडल में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर पूरे भारत में कानून का शासन कायम करने में महत्वपूर्ण दिया था।संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बनकर संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।वे अक्सर कहा करते थे जिंदगी लंबी नहीं,महान होनी चाहिए। शिक्षित करो,आंदोलन करो और संगठित करो यह उनका मूल मंत्र था।

## पूर्व मंत्री ने नौधरिया ग्राम में महादलित के साथ अम्बेडकर की जंयती मनाई

प्रात: किरण संवाददाता

गया जी।पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह पहुंचे नौधरिया गांव दलित और महादलित के बीच मनाया बाबा साहेब का जयंती समारोह में माल्यार्पण किया गया है। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री ने ग्रामीण जनता से अपील किया कि नौधरिया गांव में जो अंबेडकर चौक पर निर्माण दिन जो काफी दिनों से लंबित पड़ा है उसे सभी लोग आपसे जिसे जो बने चंदा कर इकट्ठा करें और निर्माण कार्य में लगाए। उन्होंने सभी दलित और महादलित को भरोसा दिलाया कि जो भी बड़े खर्चे हैं हम और हमारे लोग देख लेंगे और अगले वर्ष तक इस अधूरी बाबा साहब के प्रतिमा एवं भवन को पूर्ण करने में योगदान देंगे। समाजसेवी पिंटू कुमार यादव के नेतृत्व में यह कार्यक्रम को आयोजित किया गया था पिंटू कुमार यादव ने बताया कि बाबा साहब के द्वारा किए गए कार्यों को आज हम सब बड़े ही गर्व से याद कर रहे हैं उन्होंने कहा कि दलित और महादलित के लिए जो उन्होंने किया है आज उसका फल स्वरुप हम सबों को बोलने और समाज में कुछ करने की आजादी मिली है उन्होंने 11000 रुपए की नगद राशि बाबा साहेब की भवन एवं निर्माण कार्य के लिए योगदान दिया। वही शादीपुर के पूर्व मुखिया अरविंद कुमार ने बाबा साहेब की प्रतिमा को लाने की जिम्मेदारी उठाई इस मौके पर सभी ग्रामीण जनता ने मिलकर पूर्व मंत्री का भव्य स्वागत किया एवं जमकर जिंदाबाद के नारे लगाए हैं। इस मौके पर पूर्व मुखिया अरविंद कुमार पूर्व मुखिया अर्जुन यादव समाजसेवी पिंटू कुमार यादव मुन्ना मांझी बढ़न यादव एवं समस्त ग्रामीण जनता मौजूद रहे हैं।

### डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके योगदानों को याद करते हुए छात्रों एवं शिक्षकों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया: प्राचार्य



गया जी।गया कॉलेज गया के प्रांगण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।इस कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश सिंह चंद्र ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों और उनके योगदानों को याद करते हुए छात्रों एवं शिक्षकों को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया है।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बाबा साहेब के बताए मार्ग परै चलने का संकल्प लिया ह।इस कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतीमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि



औरंगाबाद। औरंगाबाद शहर के समाहरणालय में स्थित भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण भाजपा कार्यकर्ताओ ने किया' भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी सिंह जी ने बताया कि बीआर अंबेडकर की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए उनके विचारों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के समता, न्याय और शिक्षा पर आधारित सिद्धांत आज भी समाज को दिशा दे रहे हैं। इस अवसर पर जिला महामंत्री सतीश कुमार सिंह, नगर परिषद के अध्यक्ष उदय गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवध बिहारी सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, रंजीत कुशवाहा, दीपक कुमार कोषाध्यक्ष, कौशल कुमार पिंटू, जिला मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंह, कार्यालय मंत्री विकेश कुमार सिंह, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष अरविंद पासवान, जिला प्रवक्ता उज्जवल सिंह, विजय कुमार निराला, जितेंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, रामानुज पांडेय, रवि सिंह, गौतम सिंह मौजूद थे।

## सभी सीएचसी में शुरू होंगे ईसीजी और अल्ट्रासाउंड की सेवाएं

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। सदर प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय खैराबिंद में बाल संसद का सत्र 2026 -27 के लिए पुनर्गठन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान अध्यापक मोहम्मद आदिल हुसैन ने की कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक कैसर नवाब ने किया। इसका असर पर बिंदा कुमारी मोहम्मद उरूज खान पूनम कुमारी प्रिया कुमारी गुंजा गिरी निखिल कुमार जितेंद्र रजक अंजू कुमारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल संसद का चुनाव विधिवत चुनाव प्रक्रिया द्वारा संपन्न कराया गया। प्रधानमंत्री पद के लिए तीन छात्र छात्राओं क्रमशः नन्दनी कुमारी वर्ग 8 पूजा कुमारी वर्ग 8 और अजीत कुमार वर्ग 7 ने नामांकन किया। इसके बाद मतदान की प्रक्रिया अपनाई गई, जिसमें वर्ग 3 से लेकर वर्ग आठ तक के सभी उपस्थित छात्र छात्राओं ने पंक्तिबद्ध होकर के मतदान किया मतदान प्रक्रिया द्वारा बाल संसद के प्रधानमंत्री का चुनाव संपन्न हुआ मतदान की गिनती में पूजा कुमारी को 36 अजीत कुमार को 22 जबकि नंदनी कुमारी को 14 मत प्राप्त हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद आदिल हुसैन ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए पूजा कुमारी वर्ग 8 को बाल संसद का प्रधानमंत्री निर्वाचित घोषित किया। अजीत कुमार को उप प्रधानमंत्री बनाया गया नंदिनी कुमारी को शिक्षा मंत्री प्रियांशु कुमारी को उप शिक्षा मंत्री सह मीणा मंत्री अंशु कुमारी को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री स्वीटी कुमारी को उप स्वास्थ्य मंत्री राकेश कुमार को जल एवं कृषि मंत्री चांदनी कुमारी को उप जल एवं कृषि मंत्री रिया कुमारी को संस्कृत एवं खेल मंत्री मंजू कुमारी को उप संस्कृत एवं खेल मंत्री छोटी कुमारी को पुस्तकालय मंत्री मधु कुमारी को उप पुस्तकालय मंत्री बनाया गया साथ ही संयोजक के रूप में ओरुज खान बीपीएससी शिक्षक का चयन किया गया।इस अवसर पर बाल संसद के नव निर्वाचित सदस्यों ने अपने पद के गोपनीयता और कर्तव्य निष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए बाल संसद की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है'

# बाबा भीम राव अंबेडकर का विचार आज भी है प्रसांगिक

प्रात: किरण संवाददाता



औरंगाबाद। जिले के ओबरा मुख्यालय के कागजी मोहल्ला स्थित डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद वर्मा में आवास परिसर मे भारत रत्न डॉक्टर भीम राव अंबेडकर की जयंती एवम सेवानिवृत प्रधानाध्यापिका वृंदा कुमारी मौर्य के पुण्यतिथि पर समारोह आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता नेता रामप्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर दोनों के फोटो पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। मुख्य अतिथि बतौर प्रबंधक सिद्धार्थ मौर्य उर्फ मोनू कुमार शिक्षक निधि कुमारी इंजीनियर बुद्ध प्रिय मौर्य ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष समानता और सामाजिक न्याय के लिए पूर्णतः समर्पित रहे। जिन्होंने समाज मे अंतिम पंक्ति मे खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा मे लाने का संकल्प लिया वह आज भी सभी के लिए प्रसांगिक है। डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद वर्मा ने भी कहा कि जिन्होंने कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य किया, जो सबों के लिए प्रेरणा श्रोत है। उन्होंने सेवानिवृत प्रधानाध्यापक वृंदा कुमारी मौर्य के प्रशंसा करते हुए कहा कि सेवानिवृत होने के बाद भी जीवन प्रयत्न शिक्षा को दीप जलाने को ले दृढ़ संकल्पित रही। जिन्होंने शिक्षा की दीप नहीं बल्कि समाज मे फैले कुरीतियां को मिटाने को दृढ़ संकल्पित रही। वे आज नहीं है परंतु उनका जाना सबों के लिए बाबा भीम राव अंबेडकर की जयंती के दिन सबों को याद आ जाता है। वे आज के दिन उनका देहांत हो गया था। इस मौके पर समारोह मे आए अतिथियों को डॉक्टर उपेंद्र प्रसाद वर्मा ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिकारी प्रवीण कुमार गुड़िया कुमारी बेबी कुमारी आरती कुमारी सुमो कुमार अंकज सैनी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### विधायक दल के नेता एवं मुख्यमंत्री बनने पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने दी बधाई

गया जी।बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को भारतीय जनता पार्टी विधायक दल का नेता चुने जाने पर भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पार्टी नेतृत्व के दूरदर्शी सोच और संगठन के प्रति समर्पित नेतृत्व को आगे बढ़ाने का प्रतीक है। सम्राट चौधरी एक ऊजार्वान, कर्मठ और जनहित के प्रति समर्पित नेता हैं। उनके नेतृत्व में बिहार में विकास, सुशासन और जनकल्याण की योजनाओं को नई गति मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से भारतीय जनता पार्टी और भी अधिक मजबूत होगी तथा प्रदेश की जनता की अपेक्षाओं पर पूरी तरह खरा उतरने का कार्य करेगी।उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा से राष्ट्रहित, समाजहित और गरीबों के कल्याण के लिए कार्य करती रही है।

# जयंती पर याद किये गये बाबा साहेब, राज्यपाल व सीएम सहित अन्य ने दी श्रद्धांजलि

## भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना।भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के अवसर पर पटना हाई कोर्ट के समीप आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवा निवृत्त) सैयद अता हसनैन एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने स्व डॉ भीमराव अम्बेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री श्री संजय कुमार सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री मो जमा खान, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह सांसद संजय कुमार झा, विधायक महेश्वर हजारी, विधायक श्याम रजक, विधायक अरूण मांझी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकताओं ने भी बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीतों के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## जदयू प्रदेश कार्यालय में मनाई गई अंबेडकर जयंती
## प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने किया नमन

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। मंगलवार को जदयू के प्रदेश कार्यालय, पटना में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ, मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह गांधीजी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, पूर्व मंत्री सह विधायक श्री रत्नेश सदा, पूर्व मंत्री सह विधायक संतोष निराला, पूर्व सांसद सह अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, दुलाल चंद गोस्वामी, विधायक अरुण मांझी, विधायक शुभानंद मुकेश, विधायक महेंद्र राम, विधायक हेम नारायण शाह एवं जनाब सलीम परवेज सहित अनेक नेताओं ने बाबा साहेब को नमन करते हुए उनके विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस मौके पर श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने कार्यकाल में सुशासन के माध्यम से बाबा साहेब की विचारधारा एवं उनके सामाजिक न्याय के मूल सिद्धांतों पर आधारित नीतियों का निर्माण किया और उन्हें प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा। उनके नेतृत्व में बिहार में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु कई ठोस एवं दूरगामी कदम उठाए गए, जिनसे समाज के सबसे वंचित एवं पिछड़े वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। नीतीश कुमार द्वारा महादलित विकास मिशन की शुरूआत की गई। इसके माध्यम से शिक्षा, रोजगार, आवास एवं सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया गया। वर्ष 2007 में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग का स्वतंत्र रूप से गठन किया गया। साथ ही, राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग की स्थापना कर इन समुदायों के उत्थान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाई गई भीमराव अंबेडकर जयंती
## बाबा साहेब के आदर्शों को अपने आचरण में आत्मसात करने की जरूरत : सरावगी



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि आज भारतीय संविधान के निर्माण में बाबा साहेब के योगदान और उनके महान विचारों का स्मरण करने का दिन है। हम सभी को अपने जीवन में उनके विचारों को आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में जिस तरह से भेदभाव था और जो लोग मुख्य धारा के साथ जुड़ नहीं पाए थे और जो लंबे समय तक हाशिए पर थे, बाबा साहेब ने न केवल उनकी चिंता की बल्कि ऐसे लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संविधान में वो प्रावधान बनाने का भी कार्य किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर न केवल संविधान के निमार्ता थे, बल्कि एक महान समाज सुधारक भी थे। उन्होंने देश को ऐसा संविधान दिया जो लोकतंत्र, समानता और बंधुत्व के मूल्यों पर आधारित है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहेब ने उच्चतम शिक्षा प्राप्त

### संक्षिप्त खबरें

## सबका विकास महासंघ ने मनाया डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती



पटना। बिन्द-बेलदार विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान एवं सबका विकास महासंघ के द्वारा संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मानायी गयी। जयंती समारोह में मौजूद लोगों ने अंबेडकर के तैलचित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें श्रद्धांजलि तथा उन्हे नमन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश बिन्द ने संविधान निमार्ता डॉ अंबेडकर की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस मौके पर अति पिछड़ा-दलित विकास विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। श्री बिन्द ने बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए अतिपिछड़ा, दलित एवं बंचित समाज के लोगों को अपने बच्चों -बच्चियों को शिक्षित बनाने, शराब आदि नशा का सेवन नहीं करने तथा सत्ता पर अधिकार के लिए एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। उन्होंने बिन्द, बेलदार, नोनिया, केवट, चांय, मुरियारी, बनपर, मल्लाह, गंगोता, तत्वा, लोहरा ,कुम्हार आदि अतिपिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति की सूची में शामिल करने की सरकार से मांग की। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर साहेब का कहना था जिसकी जितनी जनसंख्या बल भारी उसी के अनुसार होगी सत्ता में हिस्सेदारी। इसलिए बिन्द, बेलदार, नोनिया, केवट, चांय, बनपर, मल्लाह आदि अतिपिछड़ी एवं दलित जातियों को भारत सरकार की जनगणना सह जातीय गणना में जातिवार जनसंख्या का सही-सही गणना कराने हेतु जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। साथ ही जाति प्रमाण पत्र के आधार पर जातीय गणना कराने की सरकार से मांग की गई। बिन्द, बेलदार, नोनिया जाति को समाप्त कर निषाद शीर्ष में विलय/एकीकृत नहीं करने और परम्परागत रूप से मछली मारने, बेचने, नाव चलाने वाली जातियों को मछुआरा शीर्ष, सूची में शामिल करने की सरकार से मांग की

## बाबा साहेब के संकल्पों को आत्मसात करने की जरूरत : चिराग
### लोजपा आर कार्यालय में मनी बाबा साहेब की जयंती

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के 1 व्हीलर रोड स्थित बिहार प्रदेश कार्यालय में देश के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पूरे श्रद्धापूर्वक आयोजित की गई। उक्त कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन उन संकल्पों को लेने का दिन है जिस रास्ते को बाबा साहब ने दिखाए हैं। हमारी पार्टी बाबा साहब के रास्तों पर आगे बढ़ रही है क्योंकि हमारे नेता का विश्वास बाबा साहब में था। श्री चिराग ने आगे कहा कि जब तक बिहार को फर्स्ट और बिहारी को फर्स्ट नही बना लेंगे तब तक हमारा एक एक कार्यकर्ता हमारे संघर्ष पथ पर पूरी मेहनत करेगें। श्री चिराग ने बिहार के मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा बहुत अच्छा काम किया गया अब बिहार नए नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है हमारी पार्टी का सत्ता में हिस्सा होने के कारण हम सबों की बाडी जिम्मेदारी है अब जब बिहार एक नई सोंच के साथ जब आगे बढ रहा है तो हमारे कार्यकर्ता और भी नई उर्जा के साथ काम करेंगे। आने वाला पांच साल बिहार के लिए बेहद महत्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री जी के 2047 का विकसित भारत की कल्पना के लिए बिहार के सभी जिला सभी पंचायत और सभी गांवों का विकास सुनिश्चित करनी होगी तब ही विकसित भारत की परिकल्पना साकार होगा। हमारे नेता ने कोरोना के समय जो 80 करोड़ देश की जनता को अन्न देने का एक ऐतिहासिक निर्णय लिया वह बाबा साहब के ही बताए गए रास्ते पर था जिसमें गरीबों की चिंता नहीं थी। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर शाहनवाज अहमद कैफी कृष्ण कुमार सिंह अरविंद सिंह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी प्रदेश समन्वयक वेद प्रकाश पांडे और पार्टी के सभी विधायक समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

## सदन से सड़क तक लड़ाई लड़नी होगी : तेजस्वी
### राजद कार्यालय में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में संविधान निमार्ता, भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर जी का 135वाँ समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित पार्टी के सभी नेताओं ने बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेदकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने की जबकि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह स्वागताध्यक्ष उदय नारायण चैधरी ने संचालन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा हमसबों को यह नहीं भूलना चाहिए कि बाबा साहब ने भारत के संविधान की रचना की और उसमें पिछड़ा, अतिपिछड़ा, अनुसूचित जाति, जनजाति के हक और अधिकार की बातें की और इन वर्गों के लिए संविधान ने अधिकार दिया। बाबा साहब ने हमें संगठित, शिक्षित और संघर्ष करने की प्रेरणा दी। शिक्षा ग्रहण करने के लिए दलितों, शोषितों, वंचितों को हर स्तर पर आगे आना होगा। कहा कि आने वाले समय में जिस तरह की राजनीति हो रही है, उसके खिलाफ पिछड़ा, दलित, अतिपिछड़ा, आदिवासी और अल्पसंख्यक समाज के लोगों को अपनी एकजुटता बनायी रखनी होगी और भाजपा की नीतियों के खिलाफ साम्प्रदायिक शक्तियों को कमजोर करने के लिए संघर्ष और आन्दोलन के रास्ते को चुनने का संकल्प लेकर सदन से सड़क तक लड़ाई लड़नी होगी। हमलोग अपनी विचारधारा पर कायम रहते हुए वैसी शक्तियों के खिलाफ लड़ने का काम करेंगे और कभी भी अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे। इन्होंने कहा कि महिला आरक्षण के मामले पर राष्ट्रीय जनता दल का स्टैंड शुरू से जो रहा है, आरक्षण में आरक्षण का उसके लिए हमलोग विषेष सत्र में अपनी बात रखेंगे और महिला आरक्षण में एस.सी/एस.टी, पिछड़ा, अतिपिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज की महिलाओं को आरक्षण मिले इसके लिए सदन में मजबूती से बात रखा जायेगा। हमलोगों को मिलकर लड़ाई लड़ना होगा और लड़ेंगे तभी जीतेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुलबारी सिद्दिकी, बिहार विधान परिषद के पूर्व उपसभापति डॉ रामचन्द्र पूर्वे, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव, सहित हजारों की संख्या में नेता एवं कार्यकर्ता के साथ अम्बेदकर के विचारों वाले लोग उपस्थित थे। प्रदेश राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि कार्यक्रम शुरू होने के पहले नेताओं की उपस्थिति में तेजस्वी प्रसाद यादव ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## बाबा साहेब का संविधान ही देश की असली ताकत : राजेश

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की 136 वीं जयंती के अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में भीम संवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को शाल देकर सम्मानित किया गया। सदाकत आश्रम में आयोजित भीम संवाद की अध्यक्षता करते हुए बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संविधान ने सबको बराबर का अधिकार दिया हैं। बाबा साहेब सबके हैं। उन्होंने आगे कहा कि संविधान में आरक्षण सभी वर्गों को दिया गया हैं उनकी ही परिकिल्पना पे आधारित ओबीसी आरक्षण हो या ईडब्ल्यूएस आरक्षण हो या रळ रउ का आरक्षण हो, यह सभी आरक्षण संविधान के अनुरूप ही दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा साहेब के संविधान और सामाजिक न्याय की भावना की रक्षा के लिए लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ती रहेगी। राजेश राम ने कहा कि बाबा साहेब का सपना एक ऐसे भारत का था जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। उन्होंने कहा कि भीम संवाद का उद्देश्य बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और दलित, पिछड़े, आदिवासी तथा कमजोर वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए समाज को जागरूक करना है।

## धार्मिक न्यास पर्षद ने बिहार में बड़े पैमाने पर मनाया सनातनी सतुआनी पर्व

- मंदिरों और बस्तियों तक पहुंचा आयोजन, धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बांटे सत्तू

**प्रातः किरण संवाददाता**



पटना। बिहार में इस बार सतुआनी पर्व को बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी की गई थी। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के निर्णय के अनुसार राज्य के सभी प्रमुख मठों और मंदिरों में सतुआनी पर्व का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणबीर नंदन ने न्यास पर्षद के चीना कोठी स्थित कार्यालय के साथ राजवंशी नगर स्थित पंचरूपी हनुमान मंदिर में आमलोगों के बीच सत्तू का शरबत ओर सत्तू और गुड़ युक्त लड्डू का वितरण किया। इसके साथ ही यह पर्व केवल धार्मिक स्थलों तक सीमित नहीं रह गया बल्कि दलित बस्तियों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गये।

इस मौके पर पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने बताया कि इस बार सतुआनी को सामाजिक भागीदारी के साथ मनाने की योजना बनी। राज्य के अलग-अलग जिलों में मंदिरों के साथ बस्तियों में भी लोगों के बीच सत्तू और शर्बत का वितरण किया गया। इसका उद्देश्य पर्व को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना रहा।पटना में इस अवसर पर करीब 50 स्थानों पर विशेष काउंटर लगाए गए। इन केंद्रों पर लोगों के बीच सत्तू का शर्बत और सत्तू-गुड़ की गोली वितरित की गई। राजधानी के कई प्रमुख मंदिरों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों जैसे पटना जंक्शन हनुमान मंदिर, राजवंशी नगर पंचरुपी हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर गौरैयामठ के निकट, बांसघाट के काली मंदिर, गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी, चांदपुर बेला शिवमंदिर, पूर्वी लोहानीपुर शिवमंदिर, निशा देवी मंदिर, दलदली सालिमपुरअहरा शिव मंदिर, बाकरगंज कला मंच, दरियापुर खेतान मार्केट, सब्जीबाग, मछुआ टोली अमरुदी गली के सामने मंदिर, गौरैयामठ मंदिर मीठापुर, कालीबाड़ी मंदिर दो पुलवा, शिव मंदिर रोड नंबर 1 सिपारा, चांदपुर बेला बजरंगबली मंदिर, दुर्गा मंदिर, पृथ्वीपुर चिरैयाटांड मारुति नगर मोड़, महावीर स्थान लोधीपुर, पटना हवेली राजा बाजार, दुर्गा मंदिर मंदिरी, दुजरा देवी स्थान, अनिसाबाद गोलम्बर, कौशल नगर हनुमान मंदिर, लाल मंदिर पटेल चौक, राजभवन एसबीआई के पास, सचिवालय मंदिर, शिवपुरी उड़ान टोला शिवमंदिर, श्रीश्री देवी मंदिर शिवपुरी चौक, शिव रामेश्वर मंदिर काली स्थान दादरमंदी, बेउर मोड़ काली मंदिर, जय प्रकाश नगर भोलेनाथ मंदिर, नाला रोड दरियापुर, कदमकुआं हिंदी साहित्य सम्मेलन, काली मंदिर बांसघाट, धनकी मोड़ शिव मंदिर के साथ दलदली, बाकरगंज, सब्जीबाग, मीठापुर, सिपारा, अनिसाबाद, पटेल चौक, सचिवालय, बांसघाट और कदमकुआं समेत कई इलाके में सत्तू का शरबत और सत्तू की गोलियां बांटा गया।

इस मौके पर पंचरूपी हनुमान मंदिर राजवंशीनगर न्यास के सचिव मोहित प्रकाश, न्यास के सदस्य सह मीडिया समन्वयक आलोक कुमार, न्यास के सदस्य प्रेम कुमार, पंडित अजय झा, सुरेन्द्र दुबे, धीरज कुमार, साकेत परासर, संजीव रंजन उर्फ सोनू, भगवान राम, उमेश प्रसाद, राजू चंद्रवंशी, प्रमेन्द्र कुमार,डॉ नीता नाथ ,विक्की निषाद, धीरज सिंहा, विशाल वर्मा,अमन सिंहा, तुलस्यान जी, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## साहित्य सम्मेलन में युगांतर लेकर आए पं छविनाथ पांडेय

- अत्यंत विनम्र और विदुषी कवयित्री थी गिरिजा वर्णवाल
- जयंती पर साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ कवयित्री-सम्मेलन, स्त्री-मन की खुली अनेक गाँठें

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना। बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के जीवन में एक महान युगांतर तब आया जब महान स्वतंत्रता सेनानी और हिन्दी-सेवी पं छविनाथ पाण्डेय सम्मेलन के प्रधानमंत्री के रूप में सम्मेलन से जुड़े। उन्हीं के कारण, सम्मेलन का मुख्यालय प्रदेश की राजधानी पटना में स्थापित हुआ, भूमि मिली और भवन का निर्माण हुआ और इस प्रकार सम्मेलन के जीवन में स्थायित्व की स्थापना हुई। यदि वो न होते तो देश के अन्य प्रांतीय साहित्य सम्मेलनों की भाँति बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन का अस्तित्व भी दशकों पूर्व समाप्त हो गया होता।

यह बातें बुधवार को सम्मेलन सभागार में आयोजित जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि, सम्मेलन को अमर बनाने में जिन साहित्यकारों ने अपना सब कुछ न्योछावर किया, उनमें छविनाथ जी अग्रगण्य थे। वे हिन्दी और अंग्रेजी के महान विद्वान, पत्रकारिता के भी आदर्श और मुद्रण-कला के विशेषज्ञ थे। पांडेय जी का ऋषि-तुल्य तपस्वी-जीवन हमें सदा प्रेरणा देता है। विदुषी कवयित्री गिरिजा वर्णवाल को स्मरण करते हुए डा सुलभ ने कहा कि काशी विश्व विद्यालय में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी और डा नामवर सिंह जैसे महान साहित्याकारों की शिष्या रहीं गिरिजा जी एक विदुषी लेखिका ही नहीं एक आदर्श स्त्री भी थीं। उन्होंने एक कुशल गृहिणी की तरह अपने पति स्मृति-शेष साहित्यकार नृपेंद्र



नाथ गुप्त के साहित्यिक व्यक्तित्व के उन्नयन में अमूल्य योगदान दिया। साहित्य और साहित्याकारों के प्रति उनका अनुराग भी अनुकरणीय था। उनकी रचनाओं में उनकी प्रतिभा और विद्वता की स्पष्ट झलक मिलती है। उनकी विनम्रता और उनका आंतरिक सौंदर्य, उनके विचारों, व्यवहार और रचनाओं में अभिव्यक्त हुआ है। उनके व्याख्यान भी अत्यंत प्रभावशाली होते थे। उनके चेहरे पर सदा एक स्निग्ध मुस्कान खिलती रहती थी, जो उन्हें विशिष्ट बनाती थी। सम्मेलन के उपाध्यक्ष डा शंकर प्रसाद, विवेक नृपेंद्रनाथ गुप्त, प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, विभा रानी श्रीवास्तव, ई अशोक कुमार, ई बाँके बिहारी साव, इंदु भूषण सहाय ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए।जयंती-समारोह के पश्चात सम्मेलन की उपाध्यक्ष डा मधु वर्मा की अध्यक्षता में एक भव्य और चिर-स्मरणीय कवयित्री-सम्मेलन भी आयोजित हुआ, जिसमें स्त्री-मन की अनेक गाँठें खुलती हुई दिखायी दीं। कवयित्रियों ने अपनी हृदय-स्पर्शी काव्य-रचनाओं में परत-दर-परत अपने मन को खोला और मधुर-रस की फुहारों से सम्मेलन के कोने-कोने को स्पंदित कर दिया। काव्य-पाठ करने वाली कवयित्रियों में डा पूनम आनन्द,डा ऋचा वर्मा, डा पुष्पा जमुआर, गार्गी राय, डा पूनम सिन्हा श्रेयसी, डा मीना कुमारी परिहार ह्यमान्याह्न, डा पूनम देवा, अभिलाषा कुमारी,सागरिका राय, इंदु उपाध्याय, मधु रानी लाल, मीरा श्रीवास्तव, सीमा रानी, प्रेमलता सिंह, विनीता शर्मा, डा रेणु मिश्रा, डा प्रतिभा रानी,प्रियम्वदा मिश्र, रंजनाकुमारी ह्यकविताह्न, एकता शाही, नमिता लोहानी, राजप्रिया रानी आदि सम्मिलित थीं। जयंती-समारोह का संचालन कुमार अनुपम ने तथा कवयित्री-सम्मेलन का संचालन डा शालिनी पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर, सम्मेलन के प्रबंधमंत्री कृष्ण रंजन सिंह, भवन-अभिरक्षक प्रवीर कुमार पंकज, गोपाल प्रसाद बरनवाल, सियाराम पाण्डेय, राज किशोर चौधरी, नरेश कुमार, सतीश कुमार, रंजना कुमारी, भास्कर त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, नन्दन कुमार मीत आदि प्रबुद्ध श्रोता उपस्थित थे।

## बुद्धा कैंसर सेंटर ने पावर ग्रिड को 43 रन से हराया, संदीप सिंह ने मारे 27 गेंद में 78 रन




**प्रातः किरण संवाददाता**

पटना।राजधानी पटना के ऊर्जा स्टेडियम में खेली जा रही बिहार कॉरपोरेट क्रिकेट लीग में मंगलवार को बुद्धा कैंसर सेंटर (बीसीएच) ने पावर ग्रिड को 43 रन से हरा दिया। बुद्धा कैंसर सेंटर अस्पताल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 167 रन की शानदार पारी खेली। बीसीएच की ओर से सबसे अधिक संदीप सिंह ने मात्र 27 गेंद में 78 रन बनाएं। इसमें उन्होंने 9 छक्का और चार चौका जड़े. वहीं जवाब में उतरी पावर ग्रिड ने 20 ओवर में 125 रन पर ही आउट हो गयी और जीत का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाई। इससे एक दिन पूर्व सोमवार को भी बीसीएच ने जीएसटी को हराया था। वहीं बुद्धा कैंसर सेंटर के निदेशक डॉ अरविंद कुमार की देखरेख में विजेता टीम को पुरस्कार से नवाजा गया। वहीं संदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि इस तरह के मैच आयोजन से जहां खिलाड़ियों में जोश व जब्बा रहता है वहीं शरीर का फिटनेस भी बना रहता है। आगामी 16 अप्रैल को सेमीफाइनल और 17 अप्रैल को फाइनल मैच खेला जायेगा।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216,
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@ pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496